


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 5 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-068 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112









रायपुर, 5 जून। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने श्रीमती रहाटकर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नन्दी भेंटकर सम्मानित किया। सौजन्य मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और विधायक विक्रम उसेंडी भी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर सभी जिलों में तेज होगा सर्च ऑपरेशन

**रायपुर,5 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद देशभर में घुसपैठियों की तलाश की जा रही है. इसी कडी में छत्तीसगढ़ में भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, इस अभियान में अवैध रूप से रह रहे कई बांग्लादेशी घुसपैठियों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है. इसी सिलसिले में आज गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रालय में बड़ी बैठक हुई. सभी जिलों के एसटीएफ प्रमुखों के साथ इस पर मंथन किया गया. गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बाहरी घुसपैठियों को कठोरता से रोका जाएगा. आने वाले किसी परेशानी की प्रतीक्षा नहीं की जाती. गृहमंत्री ने कहा कि हर जिले में संयुक्त ऑपरेशन चलाया जाएगा. साथ ही उन्होंने इस मामले में कांग्रेस पर तंज



कसते हुए कहा कि ये उनके लिए वोट बैंक हैं. इसलिए कांग्रेसी चाहते ही कि घुसपैठिए बाहर आए.

बता दें, प्रदेश में घुसपैठियों के आंकड़े देखें, तो राजनांदगांव सबसे अधिक सेंसिटिव है. इसके अलावा रायपुर में भी बड़ी संख्या में संदिग्ध मिले हैं. प्रशासन ने घुसपैठियों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए 33 जिलों में एसटीएफ का गठन किया है.

## डोनाल्ड ट्रम्प ने कई देशों के लोगों के अमेरिका आने पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन,5 जून।** ट्रंप ने अपने घोषणा पत्र में कहा, 'मुझे अमेरिका और उसके लोगों की राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। यह फैसला 20 जनवरी को ट्रंप द्वारा जारी किए गए कार्यकारी आदेश के आधार पर लिया गया है, जिसमें ट्रंप ने राज्य और होमलैंड सुरक्षा विभाग व राष्ट्रीय खुफिया निदेशक को अमेरिका के प्रति 'दुश्मन जैसा व्यवहार' रखने वाले देशों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जिन 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है, उनमें अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। इन देशों के नागरिक अब अमेरिका में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। यह प्रतिबंध सोमवार सुबह 12:01 बजे से लागू होगा। इसके अलावा ट्रंप ने 7 अन्य देशों से आने वाले लोगों पर भी पाबंदी लगाई है।



इनमें बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं। इन देशों से आने वाले लोगों पर अब विशेष शर्तें और कड़ी जांच लागू होगी। हालांकि ये पहली बार नहीं है, जब डोनाल्ड ट्रंप ने इस तरह की नीति अपनाई है। अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उन्होंने 7 मुस्लिम-बहुल देशों से यात्रा पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में मंजूरी दी थी।

## शर्मिष्ठा पनोली को कलकत्ता हाईकोर्ट से राहत

**नई दिल्ली,5 जून।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को सांप्रदायिक वीडियो पोस्ट करने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए उनके देश छोड़ने पर रोक लगा दी। कोलकाता पुलिस ने शर्मिष्ठा पनोली को सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला एक वीडियो अपलोड करने के मामले में गुरुग्राम से अरेस्ट किया था। मंगलवार को हुई सुनवाई में शर्मिष्ठा पनोली को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने दो दिन पहले गार्डेनरीच थाने को शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी के मामले की केस डायरी अदालत में पेश करने



का निर्देश दिया था। अदालत ने आगे ये भी कहा था कि राज्य सरकार शर्मिष्ठा की कार्रवाई को लेकर अब कोई नया मामला दर्ज न करे। कोलकाता की एक अदालत ने पनोली को 13 जून तक के लिए जेल भेज दिया था। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉलीवुड के एक्टर पर टिप्पणी की थी। उन पर पैगंबर मुहम्मद के बारे में आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने का भी आरोप था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए अंतरिम जमानत की मांग को ठुकरा दिया था। अब हाई कोर्ट ने सुनवाई कर शर्मिष्ठा को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा था, शर्मिष्ठा के बयान ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है।

## कांगेर वैली के जंगलों में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, 1 माओवादी ढेर

**बीजापुर,5 जून।** छत्तीसगढ़ के कोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में आज सुबह से पुलिस-नक्सल मुठभेड़ जारी है. जिले के कांगेर वैली नेशनल पार्क के जंगलों में सुरक्षा बल के जवानों ने एक माओवादी को मार गिराया है और मौके से एक ऑटोमेटिक राइफल बरामद किया है. मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है.जानकारी के अनुसार, डीआरजी, कोबरा और एसटीएफ के जवान लगातार नक्सलवाद के खिलाफ सर्चिंग ऑपरेशन कर माओवादियों का खात्मा कर रहे हैं. दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है. वहीं मुठभेड़ को लेकर पुलिस अधिकारियों की एसपी कार्यालय में बैठक जारी है. पुलिस डीआइजी कमलोचन कश्यप,डीआईजी सीआरपीएफ समेत अन्य पुलिस के अधिकारी मुठभेड़ पर नजर बनाए हुए हैं.

बीते दिनों 29 मई को बस्तर आईजी ने नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने का आखिरी मौका देते हुए बड़ा बयान दिया था. आईजी ने साफ शब्दों में कहा था कि चाहे सोनू हो, हिडमा हो, सुजाता हो या रामचंद्र रेड्डी या कोई भी डिविजन कमेटी मेंबर या बड़े कैडर का लीडर, अगर अपनी जान बचाना चाहता है, तो अब भी वक्त है-हिंसा छोड़ें, हथियार डालें और शासन की पुनर्वास नीति का लाभ लें. नहीं, तो उनका अंत अब निकट है. बस्तर आईजी ने यह भी दावा किया था कि कई सीनियर माओवादी संगठन छोड़ना चाहते हैं और हम लगातार उनसे संपर्क में हैं. आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में सीनियर नक्सलियों के आत्मसमर्पण की संभावना है. आईजी ने बताया था कि 2024 और 2025 के 16 महीनों में 1400 से ज्यादा माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं.







# अब ग्राम गदहाभाठा का नाम सोनपुर, चण्डालपुर का नाम चन्दनपुर होगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 5 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई जनहितैषी निर्णय लिए गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर बैठक में कबीरधाम जिले के दो ग्राम पंचायतों के नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप यह निर्णय लिया गया। नाम बदलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस निर्णय के लिए उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कैबिनेट बैठक में कवर्धा तहसील के ग्राम पंचायत गदहाभाठा का नाम बदलकर सोनपुर तथा बोड़ला तहसील के ग्राम पंचायत चण्डालपुर का नाम बदलकर चन्दनपुर किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह बदलाव क्षेत्रीय नागरिकों की भावनाओं एवं स्थानीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर ग्रामों के नाम परिवर्तन की मांग की थी। उपमुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्होंने संबंधित विभाग को ग्रामसभा अनुमोदन व अन्य प्रक्रियाओं को तत्परता से पूरा करने के आदेश भी दिए थे। कैबिनेट द्वारा लिए गए इस निर्णय से क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। ग्रामवासियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**जनता की भावना को प्राथमिकता :** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामों के नाम परिवर्तन का निर्णय स्थानीय निवासियों की भावना और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। यह निर्णय एक बार फिर यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ सरकार आमजन की आकांक्षाओं और जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए सुशासन की ओर निरंतर कदम बढ़ा रही है।

### शहर को पॉलीथिन मुक्त करने वृद्धा की पहल

# फल खरीद रही महिला को दिया कपड़े का बैग




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 5 जून।** रिसाली को प्लास्टिक मुक्त करने अभियान चलाया। 90 वर्ष की वृद्ध महिला जानकी देवी ने वन टाइम यूज कैरी बैग उपयोग नहीं करने संदेश दी। उन्होंने फल खरीद रही महिला को बैग देकर कहा कैरी बैग का उपयोग न करे। अभियान के दौरान स्वयंसिद्धा की महिलाओं ने सोनाली चक्रवर्ती के नेतृत्व में जागरूकता लाने कृष्णा टॉकीज रोड पर रैली निकाली। इस अवसर पर रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा पर्यावरण संतुलन के लिए वन टाइम यूज पॉलीथिन का प्रतिबंध करना आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए कड़े प्रावधान भी है। अब जरूजत है तो केवल जागरूकता लाने की। अभियान की शुरूआत महिलाओं से इसलीए आवश्यक है कि अधिकांश महिलाएं बाजार-हाट करती है। अगर वे अपनी आदत में बैग का उपयोग करना सीख जाती है तो परिवार का हर सदस्य इसका अनुकरण करेगा। यही वजह है कि विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह पर अभियान को डॉ. सोनाली चक्रवर्ती और स्वयंसिद्धा के सदस्यों के साथ करने का निर्णय ली। अभियान में डिगेश्वरी चंद्राकर, गोपाल सिन्हा, बृजेन्द्र परिहार, पी.आई.यू. विजय कश्यप, एन.एल.यू.एम. की अरूणा धृतलहरे, आइरा आनंद आदि शामिल थी। स्वयंसिद्धा की महिला सद्स्यों ने शाम कृष्णा टॉकीज रोड पर संचालित दुकानों तक पहुंची। उन्होंने दुकानदारों से निवेदन किया कि पालीथीन बैग न दे। वही ग्राहकों के हाथों में कपड़े का थैला थमाया। नगर पालिक निगम रिसाली के इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने कृष्णा टॉकीज रोड में रैली निकाली। हाथों में तख्ती लेकर बैग का उपयोग करने संदेश दी।

## एक नजर

### प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें थीम पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**भिलाई, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र सामूहिक द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने और इस्पात बिरादरी एवं नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

### शिविर में किया 17 यूनिट रक्तदान



**उतई, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रक्तदान शिविर का शुभारंभ महिमा हॉस्पिटल के डायरेक्टर टी.आर.यादव द्वारा रक्तदान करके किया जिसमें सना ब्लड बैंक के स्टाफदीपक कुमार साहू ,मोहित देवांगन ,स्वाती टंडन का विशेष सहयोग रहा जिसमें कुल 17 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। रक्तदान करने वाले में कीर्ति बाई,खेमलाल कुर्रे ,ललित साहू ,विक्की गायकवाड, पोषण सिंह ,विक्रम लिल्हारे ,ओम साहू धनेश्वर कुमार साहू, अर्पित देवांगन ,लोकेश साहू ,ईश्वर साहू, लक्की देवांगन, रूपनारायण देवांगन ,डॉ कमलेश बंजारे, डॉक्टर लक्ष्मण साहू ,लोकेश यादव ने अपना रक्तदान किया

### खुर्सीपार इनडोर स्टेडियम के लिए मिली 21.25 लाख की स्वीकृति



**भिलाई, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई के जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर में निर्मित खुर्सीपार इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया था। जो नगर निगम भिलाई को को सुपुर्द नहीं हुआ था। जिला खेल विभाग के आधिपत्य में था। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वहां से खेल सामग्री एवं दरवाजे खिड़की, जाली इत्यादि तोड़ करके उठा ले गए थे। इसकी सूचना जब आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को मिली उन्होंने इसका निरीक्षण करने के बाद, निगम के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे से पूछे ऐसा क्यों हुआ। पूरी जानकारी प्राप्त करके जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह को इसकी सूचना दी। उन्हें बताया गया कि इनडोर स्टेडियम का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था। जिला खेल विभाग को आधिपत्य में दिया गया था। जिला खेल विभाग द्वारा उसे नगर निगम भिलाई को सुपुर्द नहीं किया गया था। इसके कारण ठीक से देखरेख नहीं हो पाया था। जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अभिजीत सिंह स्वयं जिला खेल अधिकारी, पीडब्ल्यूडी विभाग, एवं निगम आयुक्त के साथ इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किये। उन्होंने इसके लिए नाराजगी व्यक्त की इतने अच्छे स्थल पर निर्मित स्टेडियम लापरवाही के कारण इस स्थिति में पहुंच गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ खार्सीपार थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए, जिला कलेक्टर के अध्यक्षता में प्रबंध कार्यकारिणी समिति जिला खनिज संस्थान न्यासा जिला दुर्ग द्वारा 21 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# पुत्र ने ही की थी पिता की हत्या

## पुलिस की तत्परता से आरोपी गिरफ्तार, मृतक के घर के आंगन से खून सना टंगिया बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 5 जून।** 2 जून को थाना पांडातराई अंतर्गत ग्राम महली (बैगापारा) में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर ग्राम बगबुड़ा (महली) निवासी रामगुलाल मेरावी, पिता स्वर्गीय अमरसिंह मेरावी, उम्र लगभग 40 वर्ष का शव उसके घर के कमरे में चित अवस्था में पाया गया। मृतक के गले में धारदार हथियार से हमला किए जाने के स्पष्ट निशान थे। घटनास्थल पर मृतक के घर के आंगन में खून से सना एक टंगिया भी बरामद हुआ, जिससे घटना की गंभीरता और निर्ममता उजागर हुई।

पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल के आसपास सघन पूछताछ की गई, जिसमें यह जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम डेहरी पथरा निवासी गणपत धुर्वे एवं उनकी पत्नी नागिन धुर्वे भी मौके पर मौजूद थे, जो स्वयं भी हमले में घायल हुए थे। दोनों को थाने तलब कर पूछताछ की गई, जिनसे यह तथ्य सामने आया कि मृतक की हत्या उसी के पुत्र लवकेश कुमार मेरावी उर्फ गजरू, उम्र 19 वर्ष, द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि लवकेश ने अपने पिता पर तीर व टंगिया से जानलेवा हमला कर हत्या की तथा उनके साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचाई।इस महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस ने तत्काल आरोपी पुत्र को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त हथियार को मौके से बरामद करवाया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पांडातराई आशीष कंसारी एवं उनकी टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए गंभीर हत्याकांड का शीघ्र खुलासा किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपी के विरुद्ध थाना पांडातराई में विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के कारणों की गहन जांच जारी है। इस संपूर्ण कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा की गई संवेदनशीलता, सजगता और सतर्कता उल्लेखनीय रही, जिसके फलस्वरूप गंभीर अपराध का समय रहते खुलासा हो सका।

## संपत्ति के लालच में पोते ने ही सो रहे दादा को जलाया

■ दिल दहला देने वाली इस वारदात का कबीरधाम पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 जून।** थाना सिंघनपुरी जंगल अंतर्गत दिनांक 3-4 जून 2025 की दरम्यानी रात ग्राम बामी में घटित इस हृदय विदारक घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। मृतक झड़ी राम साहू (65 वर्ष) को रात करीब 1:30 बजे सोते वक्त आग के हवाले कर दिया गया। जलती हालत में वे अपने घर के भीतर पहुंचे और पत्नी को पुकारा। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटनास्थल की स्थिति, मृतक की जलने की अवस्था और आसपास फैली पेट्रोल जैसी गंध को देखते हुए यह स्पष्ट था कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित हत्या है।

एफएसएल टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण कर एंटीमार्टम बर्निंग की पुष्टि की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (IPS) ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम गठित की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के निर्देशन में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लोहारा श्री प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी उप निरीक्षक रोशन बघेल के नेतृत्व में थाना सिंघनपुरी जंगल की टीम ने तत्परता से विवेचना आरंभ की। तकनीकी और पारिवारिक पहलुओं की बारीकी से जांच के पश्चात मृतक के पोते दीपक साहू पिता इटवारी साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने कबूल किया कि वह इस बात से नाराज था कि दादा ने अपनी जमीन का हिस्सा उसके पिता को न देकर अन्य बेटों को दे दिया। इस आशंका और क्रोध में कि उसे भविष्य में कुछ नहीं मिलेगा, उसने पेट्रोल डालकर दादा को आग लगा दी।आरोपी को हत्या के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) और 111 के तहत हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है

बीते 4 दिनों में जिले में तीन हत्याओं की घटनाएं सामने आई, जिनमें से दो मामलों का पुलिस द्वारा त्वरित खुलासा कर लिया गया है।

## फैक्ट्री में चोरी का आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** भिलाई जामुल थाने में प्रार्थी विनय गोयल के पवन इण्डस्ट्रीज के पीछे स्थित स्टील फेब्रिकेटर फैक्ट्री से लोहे का सब्बल, पाइप, हथौड़ी, छैनी, पंखा, सीपीयू, स्पीकर समेत कई सामान नहीं था। चोरी के इस मामले में कार्रवाई करते हुए जामुल पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। और चोरी गए सामानों को भी बरामद कर लिया है।

# रिसाली में पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी देख भड़कीं आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली, 5 जून।** प्रदिप्ती नगर स्थित निर्माणाधीन 348 यूनिट आवास को पूरा करने प्रतिदिन 120-150 मजदूर की आवश्यकता है। पिछले तीन साल से केवल 40-45 मजदूर कार्यरत हैं। यही वजह है कि आवास पूर्णाअवधि लक्ष्य से नगर पालिक निगम रिसाली पिछड़ते जा रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण के बाद ने केवल शासन से पत्राचार की है, बल्कि एजेंसी मेसर्स विनोद कुमार जैन को कड़े शब्दों में नोटिस जारी की है। नगर पालिक निगम रिसाली की सीमा क्षेत्र और दुर्ग निगम क्षेत्र के पॉश कालोनी बोरसी से लगे हुए प्रदिप्ती नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी मेसर्स विनोद कुमार जैन की है। दरअसल निर्माण एजेंसी गरीबों के आवास को पूर्ण करने किसी तरह की रूचि नहीं दिखा रहा है। गिनती के मजदूरों से केवल खानापूर्ति का कार्य कराया जा रहा है। प्रदिप्ती नगर में कुल 12 ब्लाक में 348 यूनिट का निर्माण होना है। किसी भी यूनिट का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि कार्य अविभाजित नगर पालिक निगम भिलाई के समय से चल रहा है। स्थिति ऐसी है कि 2 यूनिट का कार्य प्रिलन्थ लेबल से आगे नहीं बढ़ पाया है। गरीबों के आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना की समीक्षा सचिव स्तर पर हर माह होती है। पिछले महिने की बैठक में कार्य पूर्ण करने 30 जून तक का समय दिया गया है। इसके बाद रिसाली निगम ने कार्य में तेजी लाने निर्माण एजेंसी को पत्र जारी किया था। इसके बाद भी स्थिति में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ। प्रदिप्ती नगर की तर्ज पर ही मैत्री कुंज में गरीबों का आवास बनना है। यहां 87 यूनिट कर्टल के बाद 58 यूनिट बनना है। खास बात यह है कि यहां पर केवल ढांचा ही तैयार हुआ है।

# सरिया और टायर चोरी का चार साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल, 5 जून।** भिलाई ट्रेलर में लोड सरिया एवं टायर की चोरी कर फरार आरोपी को 4 वर्ष बाद मध्यप्रदेश से जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मुन्नी महेश कुशवाहा के विरूद्ध पूर्व में थाना मझौली जिला सीधी मध्य प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट का 3 अपराध दर्ज है।

जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कुंदन सिंह निवासी हाउसिंग बोर्ड ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके ट्रेलर को उमेश जायसवाल चलाता था एवं हेल्पर मुन्नी महेश कुशवाहा था। इसका अन्य ट्रक क्रमांक सीजी 07 एए 7985 को चालक राजेन्द्र कुमार कुशवाहा व हेल्पर ओम नारायण पटेल द्वारा चलाया जाता था आरोपी उमेश कुमार जायसवाल, राजेन्द्र कुमार कुशवाहा, मुन्नी महेश कुशवाहा, ओम नारायण पटेल, बबलू यादव एवं विनय सिंह ने ट्रक में लोड 02 टन 670 किग्रा लोहे का सरिया एवं 08 नगर ट्रेलर का टायर चोरी कर फरार था। प्रकरण में पूर्व में आरोपी बबलू यादव एवं हरिओम पटेल को गिरफ्तार किया गया था शेष आरोपियों की तलाश जारी थी आरोपी मुन्नी महेश कुशवाहा उर्फ दीपू 26 साल) को जिला सीधी मध्य प्रदेश को टीम भेजकर पकड़ा गया।

### आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न

**भिलाई, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के चुनाव में ए. दुर्योधन राव अध्यक्ष, वेंकट राव मूगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, के. प्रसाद राव महासचिव, पी. जगदीश राव उप महासचिव, के. जंगमय्या राव सचिव, एम. ईश्वर राव कोषाधिकारी, सी. एच. अप्पलस्वामी कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, डी. शंकर राव का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, शिव कुमार रायुडू का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, जे. श्रीनिवास राव ( का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी) निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी के उमाशंकर राव ने बताया कि आंध्र स्वाभिमान विगत 28 वर्षों से निरन्तर सामाजिक एकता के साथ सांस्कृतिक आयोजन एवं अन्य प्रकार के सेवा कार्यक्रम किया जा रहा है।

## फार्म हाउस से बरामद शराब मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 5 जून।** पाटन थाना क्षेत्र के फार्म हाउस में मिले शराब के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट, 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया था पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि 8 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर एसीसीयू दुर्ग की टीम व पाटन पुलिस ने ग्राम फुण्डा स्थित महेन्द्र वर्मा के फार्म हाउस बाड़ी में दबिश दिया था जहां से पुलिस ने एमपी की शराब 500 पेटी अंग्रेजी गोवा जब्त किया था। इस दौरान 3 वाहन, 9 मोबाइल, प्लास्टिक सीट जुमला कुल 62 लाख 40 हजार रूपये का जप्त किया था पाटन थाने पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा था, घटना दिनांक से आरोपी फरार था पुलिस ने देवादा थाना पाटन निवासी महेन्द्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



### विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

# छोटा प्रयास, बड़ा बदलावः हरीतिमा कवर्धा ने रचा हरियाली का इतिहास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 5 जून।** हरीतिमा कवर्धा की पर्यावरण संरक्षण की यह कहानी आज पूरे क्षेत्र के लिए एक जीवंत प्रेरणा बन चुकी है। टीम के समर्पित पन्ना चंद्रवंशी कहते हैं बारिश की बूँदें भले ही छोटी हों, लेकिन लगातार बरसें तो बड़ी नदियों का रूप ले लेती हैं। हरीतिमा कवर्धा द्वारा विगत सात वर्षों में छोटे-छोटे लेकिन निरंतर प्रयासों से एक हरित क्रांति का निर्माण किया गया है। टीम ने अब तक 11, 000 से अधिक पौधे लगाए, और न केवल लगाया बल्कि उनकी नियमित देखभाल करके उन्हें हरित जीवनवृक्षों में बदला है। यह प्रयास केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा। इसका उद्देश्य था प्रकृति के साथ एक स्थायी और आत्मीय रिश्ता बनाना। टीम के सदस्य सुबह-सवेरे स्वयं गड्ढा खोदने, पौधे लगाने, पानी देने, ट्री गार्ड लगाने और पौधों की नियमित निगरानी जैसे कार्य करते हैं – वो भी बिना किसी निजी स्वार्थ के, केवल सामूहिक सहयोग और सेवा भावना से प्रेरित होकर। हरीतिमा की इस हरित यात्रा में यूथ क्लब कवर्धा ने प्रेरक भूमिका निभाई। अध्यक्ष बलबीर खनूजा सहित सभी सदस्यों ने हरीतिमा टीम के पौधारोपण संबंधित संसाधन जिसमे इलेक्ट्रिक वाहन, ट्री गार्ड एवं पौधों को सुरक्षित रखने हेतु यूथ क्लब भवन में जगह देकर सुरक्षित रखने की ज़िम्मेदारी लेकर इस अभियान को जमीनी मज़बूती दी।

**नेतृत्व एवं प्रेरणाः अजय लुनिया एवं राकेश दोशी**

हरीतिमा कवर्धा की इस पहल के पीछे नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय लुनिया एवं राकेश दोशी का दूरदर्शी और प्रेरणादायक नेतृत्व रहा है। उन्होंने हर सदस्य को एक मूल्यवान मोती की तरह जोड़ा, और सभी को एक सूत्र में बाँधते हुए इस कार्य को एक संगठित अभियान का रूप दिया। हरीतिमा के 30 समर्पित सदस्य, जिनमें शामिल हैं– अजय लूनिया, राकेश दोषी, सुनील दोषी, महेश सिंह ठाकुर, पन्ना चन्द्रवंषी, गोकुल साहू, अनिल लुनिया, अखिल लुनिया, गोलू ठाकुर, संदीप कुमार, सुरेन्दर पाहुजा, डॉ जितेंद्र जाखड़, कुलजीत, अजय कमल, मनोज गुप्ता, पप्पू अग्रवाल, अनुराग उपाध्याय, जसवंत छाबड़ा, राजकुमार वर्मा, दीपक लांझी, लवली बग्गा, मनजीत सलूजा, उमेश चौहान, लालू पाली, दीपक पाली, लक्की चांवला, सुदर्शन साहू, दीनू गुप्ता, केके ठाकुर संजय सलूजा, मंजीत बैरागी, प्रजय अग्रवाल, मनीष देसाई, संदीप लूनिया, निक्की खुराना आदि।

# दूसरे विभागों को आवेदन फॉरवर्ड करने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 5 जून।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा लंबित आवेदनों के विभागवार गहन समीक्षा की और अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागों में लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाए। उन्होंने राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण अनुभाग एवं तहसीलवार सूचीबद्ध करके, त्वरित निराकृत करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री अन्य पत्र, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन (वेब) पोर्टल, पीजीएन (पोस्ट) और सारथी पोर्टल में लंबित आवेदनों पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन माह व एक वर्ष तक के लंबित आवेदनों के निराकरण पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विभागों द्वारा आवेदन निराकृत करने के बदले दूसरे विभाग को आवेदन फार्वड करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर सिंह ने डिप्टी कलेक्टर श्री पिस्दा को ऐसे विभागों को पहचान कर अवगत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभागों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि यदि विभाग द्वारा संचालित योजना बंद हो गई है और बैंक खाते बंद नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता संबंधित कड़ी कार्यवाही होगी।

# मानसूनी बारिश से किसानों के चेहरे खिले, खेती की तैयारी शुरू

■ लग रही धान की नर्सरियां, खुर्रा जुताई में भी तेजी आई, कृषि विशेषज्ञों की किसानों को सलाह भी जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 05 जून।** धमतरी जिले और आसपास के इलाकों में हुई मानसूनी बारिश ने खेती-किसानी की तैयारियां शुरू करा दीं हैं। मानसूनी बारिश से खेतों में बनी नमी नें किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। समय पर मानसूनी बारिश आ जाने से खेती-किसानी का काम भी सही समय पर शुरू हो गया है। जिले के कई किसानों ने रोपा पद्धति से धान लगाने के लए खेती में नर्सरी भी डाल दी है। खुर्रा बोनी करने वाले किसान हल-ट्रेक्टरों से तेजी से खेतों की जुताई कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों ने भी किसानों को जरूरी समसामयिक सलाह देते हुए खेतों की साफ-सफाई और मेड़ों की मरम्मत कर खेत तैयार करने को कहा है।

किसानों का कहना है कि इस बार मानसून की शुरुआत सही समय पर हुई है, जिससे उन्हें समय पर खेत तैयार करने का मौका मिल रहा है। धान को नर्सरी भी समय पर डाली जा रही हैं, रोपाई-बोआई के लिए खेत तैयार किए जा रहे हैं। खेतों में ट्रैक्टर से जुताई और मिट्टी



को भुरभुरी बनाने का काम लगातार चल रहा है। आगे बारिश होने पर खेतों में बुआई-रोपाई का काम किया जाएगा। किसानों को इस बार अच्छी फसल की उम्मीद है और वे अधिक से अधिक उन्नत किस्म के बीजों और जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं। जिले में चालू खरीफ मौसम के लिए बीज और खाद की भी कोई कमी नहीं है। लगातार कृषि विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञ किसानों को धान, मक्का, मूंगफल्ली, सोयाबीन जैसी फसलों की खेती के लिए मार्गदर्शन और सलाह भी दे रहे हैं। कई किसान इस बार परंपरागत तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों का भी उपयोग कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के साथ साथ किसानों का भी मानना है कि यदि बारिश इसी प्रकार नियमित होती रही, तो इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार होने की पूरी उम्मीद है। इस बीच कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी गांव-गांव जाकर किसानों को रोपाई से पहले खेत तैयार करने के आधुनिक तरीके बता रहे हैं। बीजोपचार से लेकर प्रमाणित बीजों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। डीएपी खाद की कमी होने की स्थिति में एनपीके, यूरिया और पोटाश जैसी खादों को मिलाकर उसकी पूर्ति करने के तरीके भी किसानों को बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर रोपाई करें और प्रमाणित बीजों का प्रयोग कर खेतों से पानी निकालने और पानी बचाने के उपायों पर विशेष ध्यान दें। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि धान का थरहा डालने एवं बोने से पहले खुद के उत्पादित बीजों को 17 प्रतिशत नमक के घोल से उपचारित करें। कृषि विशेषज्ञों ने प्रमाणित या आधार बीजों के पैकेटों में दिए गए फफूंदनाशक दवा से बीजोपचार करने की भी सलाह दी है।

## समाचार संक्षेप

### हमारे बुजुर्ग-हमारी धरोहर थीम पर जिले में मनाया गया दाई-बबा दिवस



**धमतरी 05 जून।** बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आज ''हमारे बुजुर्ग-हमारी धरोहर'' थीम पर 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना हैं। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद, श्रवण जाँच व हड्डियों की जांच के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व जरुरतमंद को चश्मा एवं आयुष्मान वय वंदन कार्ड उपलब्ध किया गया। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर इतवारी बाजार धमतरी में आयोजित 'दाई-बबा दिवस' स्वास्थ्य मेला में बतौर मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा द्वारा बुजुर्गो का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुजुर्गों का तिलक सत्कार, फूल माला तथा श्रीफल के साथ सम्मान किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती आवेदन 18 जून तक आमंत्रित

**धमतरी 05 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक और सहायिका के 15 पदों पर भर्ती के लिए आगामी 18 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत कुरूद के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 16 में कार्यकर्ता और सहायिका तथा ग्राम पंचायत मंदरौद, सिवनीकला, भैसबोड़, कातलबोड़, खर्रा, भेण्डसर, भेलवाकूदा, कचना, गणेशपुर, सरबदा, चरमुड़िया, राखी, डांडेसरा और सिलीडीह के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए 18 से 44 साल तक की आयु की, उसी गांव अथवा वार्ड की महिला आवेदन कर सकतीं है। आवेदन पत्र सीधे अथवा पंजीयन डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत अथवा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कुरूद से सम्पर्क किया जा सकता है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं: जिपं अध्यक्ष वैष्णव

**छुरिया, 05 जून।** राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले वासियों से



अपील की है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाएं।आइए, हम सब मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस को सफल बनाएं और अपने ग्रह की रक्षा करें। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें।जल का उपयोग कम करें और जल के दुरुपयोग को रोकें।प्लास्टिक का उपयोग कम करें और पुनर्चक्रण के लिए प्रोत्साहित करें।जो प्रकृति की रक्षा करते हैं प्रकृति उसकी रक्षा करती है।श्रीमती वैष्णव ने कहा कि मैं उन सभी लोगों की भी सराहना करती हूं जो हमारे पर्यावरण को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।

### स्थानांतरण नीति मानवीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण: हारुन मानिकपुरी

**छूरिया, 05 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई केबिनेट बैठक में स्थानांतरण नीति 2025 को मंजूरी मिलने पर श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी



संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि स्थानांतरण नीति में सभी जिला स्तरीय कर्मचारियों का संलग्नीकरण 5 जुन 2025 से समाप्त करने का फैसला केबिनेट बैठक में लिया जिसके तहत जहां किसी कर्मचारी की जरुरत होगी स्थानांतरण नीति के तहत स्थानांतरण किया जा सकेगा। नई नीति के तहत स्थानांतरण के लिए 6 जून से 13 जून के बीच आवेदन कर सकेंगे ,इसके बाद 14 जून से 25 जून तक स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस स्थानांतरण नीति में गंभीर बिमारी,मानसिक /शारीरिक अक्षमता,सेवानिवृत्त से एक वर्ष पूर्व के कर्मचारियों को स्थानांतरण नीति में विशेष लाभ देने की बात कही गई है। हारुन मानिकपुरी ने कर्मचारी साथियों से अपील करते हुए कहा है कि 25 जून के बाद स्थानांतरण पूरी तरह रोक दी जाएगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने घर व आस-पास पौधे लगाने का संकल्प लें

**राजनांदगांव 5 जून।** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून गुरूवार को अपने अपने घर व



आस पास रिक्त भूमि पर पौधे लगाने का संकल्प लेने महापौर मधुसूदन यादव ने नगरवासियो से अपील की है। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम लगाकर परिवार को वृक्षारोपण से जोडने की अपील की है। महापौर यादव ने अपील करते हुये कहा कि आज के इस औधोगीकरण एवं शहरी करण के युग में पौधे लगाने की नितांत आवश्यकता है। क्योकि इसके कारण वृक्षों की अंधा-धुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लगाये जा रहे है। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी में आक्सीजन की कमी के कारण हमने अपनों को खोया है। ये हमारे लिये सबसे बड़ा सबक है, इन बातों को ध्यान में रखते हुये हम सब अपने घर, आंगन व घर के आस पास एक पौधे लगाये एवं अपने बच्चों को भी प्रेरित करे। ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी न उठानी पडे। उन्होंने कहा कि शासन ने वृक्षारोपण को परिवार से जोडने एक पेड़ माँ के नाम से लगाने अभियान चलाया है, जिसका अर्थ परिवार के सभी लोग पेड को माँ की तरह सम्मान देकर उसकी देख रेख करे, जिससे वृक्ष माँ की तरह खड़ा होकर हमे आक्सीजन प्रदान करें।

### गांव के बेरोजगार युवा सीखेंगे बिजली के सामान की मरम्मत करना

**धमतरी 05 जून।** स्वरोजगार करने के इच्छुक गांव के बेरोजगार युवा बिजली के सामानों की मरम्मत करना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 10 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। तीस दिनों तक चलने वाले इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक, सुअनिता टुडू ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा बिजली के सामानों को सुधारने में हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को बिजली के उपकरण, सावधानियां, सुरक्षा, वोल्टेज, प्रतिरोध कंडक्टर इन्सुलेटर और सेमी कंडक्टर, वाल्टमीटर-एम्मिटर कनेक्शन, एमसीबी, ईएलसीबी, टीपी, मोटर्स में आरपीएम और उनके प्रकार, वॉशिंग मशीन, यूनिवर्सल मोटर, मिक्सर ग्राइंडर के साथ ही बुनियादी बातों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा उद्यमिता और बैंकिंग के बारे में भी युवाओं को जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयः प्राक्कयन परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड

**धमतरी 05 जून।** शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राक्कयन परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड किया गया है। परीक्षा परिणाम का अवलोकन विद्यार्थी वेबसाईट पर कर सकते हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर आदिवासी विकास विभाग में 10 जून तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि निर्धारित तिथि के बाद मिले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की सक्रियता से नगर पंचायत डोंगरगांव में दिख रहा विकास का नया चेहरा



**डोंगरगांव, 5 जून।** डोंगरगांव नगर पंचायत की अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की मेहनत, प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना से नगरवासियों में एक नई उम्मीद जगी है। उनके कार्यभार संभालते ही डोंगरगांव में विकास के स्पष्ट संकेत दिखाई देने लगे हैं, जिससे आम जनता बेहद संतुष्ट और प्रसन्न है। नगर की सड़कों से लेकर नालियों, बिजली व्यवस्था, सफाई, पेयजल आपूर्ति और सार्वजनिक सुविधाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। अंजू त्रिपाठी की कार्यशैली उन्हें अन्य जनप्रतिनिधियों से अलग बनाती है। उनकी दिनचर्या सुबह 7 बजे से शुरू होती है और यह दिनभर चलती रहती है। वह सुबह-सुबह विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करती हैं, नागरिकों से सीधा संवाद करती हैं और समस्याओं को मौके पर ही हल कराने का प्रयास करती हैं। सुबह 7 बजे जब अधिकांश लोग दिन की शुरुआत कर रहे होते हैं, तब अंजू त्रिपाठी पहले से ही डोंगरगांव की गलियों और वार्डों में सक्रिय होती हैं।

### सिया-सौम्या एवं यश श्रीवास्तव ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की



**राजनांदगांव, 5 जून।** कु.सिया, पिता-अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट, सोनारपारा,राजनांदगांव ने, नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, की बारहवीं कक्षा से वाणिज्य संकाय कामर्श मे 74 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की साथ ही कु. सौम्या एवं यश श्रीवास्तव पिता-सुनिल श्रीवास्तव वरिष्ठ जर्नलिस्ट,सोनारपारा ने बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय बायोलॉजी एवं यश श्रीवास्तव दसवीं कक्षा, दोनो नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल बोरी,राजनांदगाव से अध्ययन करते हुए सी.बी.एस.सी.बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 मे क्रमशः 74 प्रतिशत एवं 65 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम श्रेणी मे सफलता हासिल की। इन तीनो ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के सम्माननीय शिक्षकों,प्राचार्य के मार्गदर्शन,अपनी कड़ी मेहनत एवं पूज्यनीय दादा दादी,नाना-नानी,चाचा-चाची, माता-पिता एवं परिवार के सभी बड़ो के आशीर्वाद एवं स्नेह कों दिया है। इन तीनो की सफलता पर इंद्राशीष परिवार राजनांदगाव ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव, 5 जून।** छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर असोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु के संस्थापन एवं गुरूकुलपति व प्रसिद्ध गव्यसिद्ध आचार्य डॉ. निरंजन वर्मा %गुरूजी% द्वारा गौविज्ञान एवं पंचगव्य चिकित्सा पर विशेष व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल उपस्थित थे। डॉ. निरंजन वर्मा ने कहा कि गाय की रक्षा का विषय सदियों से भारतीयों के मध्य रहा है। पृथ्वी के सम्पूर्ण भूगोल में गाय वास करती थी। भारत में धर्म और अफ्रीका महाद्वीप के कुछ देशों में जंगलों को बचाने की उपयोगिता के आधार पर गौवंशों को बचा लिया गया।

### बेटियों के सपनों को मिली उड़ान

# मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना ने बदली पार्वती मिझी की जिंदगी

**रायपुर, 05 जून।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के शांत और खूबसूरत गांव धमधा में सूरज तप रहा था और दोपहर के समय हर कोई अपने घरों में आराम कर रहा था, लेकिन 40 वर्षीय पार्वती मिझी और उनके पति काम में लगे हुए थे। पार्वती ने अपने सिर को दुपट्टे से ढका, अपनी कमीज को साड़ी के ऊपर से नीचे किया और काम जारी रखा। काम के बीच उन्होंने एक पल अपनी पांच बेटियों के बारे में सोचने के लिए निकाला। वे अच्छी लड़कियां हैं, उन्होंने सोचा, मुझे यकीन है कि वे अपना स्कूल का काम पूरा कर रही होंगी। यह सोचते ही उनके चेहरे पर एक मुस्कान आ गई। पार्वती ने खुद गरीबी में जीवन बिताया था और उन्हें कभी अवसर नहीं मिले, लेकिन उन्होंने अपनी बेटियों को इस दलदल से बाहर निकालने का दृढ़ निश्चय कर रखा था। जब उनकी दो बड़ी बेटियों



ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा अच्छे अंकों से पास की, तो पार्वती ने फैसला किया कि उन्हें न्याय मिलना ही चाहिए। जब उन्हें पंचायत द्वारा समर्थित श्रम संसाधन केंद्र के बारे में पता चला, तो वह बिना देर किए संभावित वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में पूछताछ करने के लिए दौड़ पड़ीं। पार्वती और उनके पति ने तब राहत की सांस ली, जब उन्हें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के बारे में जानकारी मिली। यह योजना पंजीकृत भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों के बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पार्वती ने सारी आवश्यक जानकारी जुटाई और अपने पति के साथ मिलकर आवेदन की प्रक्रिया पूरी की। पार्वती को वह खबर मिली जिसका उन्हें बेसब्री से इंतज़ार था - उनका आवेदन स्वीकृत हो गया था!

उनकी बेटियों को वाणिज्य में स्नातक की डिग्री हासिल करने के लिए वित्तीय सहायता मिल गई थी। यह खबर सुनते ही उनके चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान आ गई, क्योंकि अब उनकी बेटियों का भविष्य उज्ज्वल दिख रहा था। पार्वती की कहानी इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे सामाजिक संरक्षण तंत्र जीवन में परिवर्तनकारी प्रभाव डाल सकता है। यह गरीबी की बेड़ियों को तोड़कर एक आरामदायक और सार्थक यूएनडीपी जैसी संस्थाएं ऐसे सिस्टम डिजाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं जो जोखिमों और अनिश्चित भविष्य के प्रति संवेदनशील होते हैं।

## मोर मकान-मोर चिन्हारी के तहत रेवाडीह में निर्मित आवासों से अवैध कब्जे हटाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 जून।** प्रधानमंत्री आवास योजना में मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत रेवाडीह मे बहुमंजिला आवास का निर्माण किया गया है, जहॉ शहर के चिन्हांकित झुग्गी क्षेत्रों में निवारत परिवारों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है। जिसमें कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसे आज निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आवास योजना के नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे के नेतृत्व में शासकीय अमलों की उपस्थिति में अवैध कब्जाधरियों से कब्जा किये 14 आवासों को रिक्त कराने की कार्यवाही की गयी। इस संबंध में जिलाधीश महोदय डॉ. सर्वेश्वर



नरेन्द्र भूरे भी समीक्षा बैठक के दौरान अतिक्रमित आवासो को रिक्त कराने के निर्देश दिये थे। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव निकाय क्षेत्र की चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों जिन्हें शहर को झुग्गी मुक्त करने एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिये व्यवस्थापन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत निर्मित आवासों में पात्र हितग्राहियो को लाटरी के माध्यम से आवास का आबंटन किया जाता है। नगर निगम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमद परिवारों को नियमतः आवास आबंटित किया गया था। उक्त आवासों में कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसके कारण पात्र हितग्राही आवास में नहीं रह पा रहे थे। जिन्हें आयुक्त विश्वकर्मा के निर्देश पर नगर निगम द्वारा बार बार समझाईस देकर कब्जा खाली करने नोटिस भी दिया गया था। गत सूचना एवं नोटिस देने पर भी बलात कब्जाधारियों के द्वारा आवास रिक्त नहीं किया गया।

### बेरोजगार युवा सीखेंगे कॉस्ट्यूम, ज्वेलरी बनाना

**धमतरी 05 जून।** स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 10 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक, सुअनिता टुडू ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार कर हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी, ज्वेलरी डिजाइन, गहना बनाने की कला, अंगूठी, चूड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण के बारे में विस्तार से बताया जाएगा

## सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी थे गुरुचरण सिंह छाबड़ा

**राजनांदगांव, 5 जून।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पूज्य पिता सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा जी का अस्वस्थता के चलते विगत दिनों



निधन हो गया। सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी गुरूचरण सिंह छाबड़ा के निधन पर राजनांदगांव शहर ही नहीं पूरे प्रदेशभर के नेतागण उनके निवास स्थान सोनार पारा पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर पुष्पांजलि दी। सरदार गुरूचरण सिंह छाबड़ा विगत 28 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्णकर गुरूचरणों में लीन हो गए थे। उनकी आत्मिक कल्याणता एवं शांति के लिए गुरूद्वारा साहिब में 01 जून को वैरागमई कीर्तन एवं अंतिम अरदास और गुरू का लंगर किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए छग विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छग विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि श्री छाबड़ा एक जिंदादिल मजबूत आत्मविश्वास क्षमता के धनी व्यक्ति थे उनकी धर्म के प्रति आस्था अनुकरणीय है उनके निधन से शहर ने एक नेक व्यक्तित्व को खो दिया। श्री छाबड़ा धमतरी के पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा परिवार के दामाद थे।

## रायपुर की अनुराधा ठेठवार मिसेज इंडिया क्लासिक चुनी गई

**रायपुर, 5 जून।** कलर इवेंट्स द्वारा आयोजित विगत दिनों रायपुर के एक मॉल में फैशन कॉम्पिटिशन में ÷मिस्टर मिस एंड मिसेस का आयोजन हुआ जिसमे शहर की अनुराधा ने मिसेस केटेगरी में ÷मिसेज इंडिया क्लासिक का खि़ताब अपने नाम किया। अनुराधा छत्तीसगढ़ में फैशन फील्ड में काफी लम्बे समय से काम कर रहीं है, शादी के बाद भी उन्होंने खुद को इस फील्ड से जोड़े रखा जिसका श्रेय अपने पति राहुल ठेठवार को देती हैं। वे इससे पहले भी मिसेस छत्तीसगढ़ इंडिया 2025 का ताज जीत चुकी है। अनुराधा एक गृहणी और एक बेटी की माँ है, उनकी रूचि प्रारंभ से ही पढ़ाई के साथ साथ फैशन और मॉडलिंग फील्ड में रही है साथ ही साथ सोशल फील्ड से भी जुड़ी है जिसमें वह समय समय पर जन कल्याणकारी कार्य करती रहती हैं। उनका मानना है की खुद पे




विश्वास और सकरात्मक विचारों के बल पर जीवन में किसी भी छेत्र पर सफलता हासिल की जा सकती है। ÷मिस्टर मिस एंड मिसेस ÷ के आयोजन में उन्होंने रैंप पर न सिर्फ अपनी सुंदरता का जलवा बिखेरा बल्कि निर्णायकों के द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब से भी लोगो का दिल जीता, उन्होंने आगामी योजनाओं में हेल्थ अवेर्नेस की अपना भरपूर समय के साथ अपना योगदान देने की बात कही। अनुराधा ने बताया कि मिस्टर, मिस,एंड मिसेज इंडिया क्लासिक - 2025 का आयोजन mag-neto मॉल में मंगलवार को हुवा जिसमें देशभर से 30 प्रतिभागियो में से 4 का सलेक्शन फाइनल राउन्ड के liye हुवा। फाइनल से पहले दो अलग-अलग राउंड में 200 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए थे। जिसमें प्रतिभागियों को ट्रेडिशनल और फॉर्मल रांउड से गुजरते हुए निर्णायकों के सवालों का जवाब देना था।

## पानी ले जाने निजी उद्योग ने बिछाई पाइपलाइन, किसानों ने किया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 5 जून।** फुलझर में नवनिर्मित एक उद्योग द्वारा आसपास के गांव के तीन गांव के तालाबों तक पाइपलाइन बिछाकर पानी ले जाने की तैयारी की जा रही है। जिसका ग्रामीण किसानों ने विरोध किया है किसान इन तालाबों का पानी सिंचाई के लिए उपयोग करते हैं। सिंचाई सुविधा के लिए इन्होंने तालाब बनाने भूमि अधिग्रहण में दी थी। अब इनका अहित होता दिख रहा है। उद्योग को पानी नहीं देने का विरोध करते हुए किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को



आज ज्ञापन सौंपा है।साहू ने बताया कि ईन्दावानी जलाशय, कोपेडीह जलाशय एवं राजा तालाब अंजोरा का निर्माण आस-पास के किसानों की जमीनों को अधिग्रहण कर किया गया है। उक्त जलाशयों व तालाब से आस पास के सैकड़ो किसानों को अनुबंध के आधार पर सिंचाई के लिये पानी दिया जाता है। किसानों द्वारा जल कर की राशि भी समय पर भुगतान किया जाता है। इन जलाशयों पर सिर्फ और सिर्फ किसानों का ही अधिकार है। वर्तमान में ग्राम पंचायत फुलझर में नवनिर्मित न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड उद्योग द्वारा इन जलाशयों से पानी ले जाने के लिए पाईप लाईन फीट किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। इससे किसानों की सिंचाई, जलपूर्ति एवं निस्तारी की समस्या बढ़ सकती है। न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड उद्योग को पानी नहीं देने की आदेश प्रदान करने की मांग की गई है। इस दौरान जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टीकम, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू, देवलाल साहू (पुर्व सरपंच टेड़ेसरा), श्रीमती दानी साहू (पुर्व सरपंच टेड़ेसरा), श्रीमती राजिम साहू( पुर्व पंच), महेश साहू, पूर्णानंद साहू, मदन साहू, ढालसींग साहू, मनोज साहू, तुकाराम साहू , रमाकांत बंजारे, धांसू सिन्हा , गोपी देशमुख, लोमेश साहू, दुर्गा साहू, वीरेंद्र उईके हरिश्चंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

## संपादकीय

# विपक्ष ने कहा है तो विशेष सत्र बुलाना चाहिए

चाहे आदमी हो, परिवार हो, समाज हो या कोई राजनीतिक,सामाजिक,आर्थिक संगठन हो सबका अपना ईगो होता है। आदमी अकेला होता है तो उसका ईगो कम होता है लेकिन जैसे ही उसकी संख्या बढ़ जाती है उसका ईगो भी बढ़ जाता है।संख्या दो गुनी हो जाए तो ईगो भी दोगुना बडा़ हो जाता है। आदमी की संख्या जितनी बढ़ जाती है, संगठन का समूह का ईगो उतना बडा हो जाता है।जब ईगो बहुत बडा़ हो जाता है तो उसको कभी नहीं लगता है कि वह कुछ गलत सोच सकता है।वह कुछ गलत कह सकता है।उसे तो यही लगता है कि मैंने सोचा है तो वह सही है, मैंने कह दिया वही सही है और मैंने जैसा कह दिया है, वैसा ही होना चाहिए। पहलगाम से लेकर आपरेशन सिंदूर तक गत एक माह में बहुत कुछ घटा है।कांग्रेस तो पाकिस्तान के कहने पर सैन्य कार्रवाई रुकने के बाद से मांग कर रही थी कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर देश को बताया जाए कि सैन्य कार्रवाई किस हालात में रोकी गई,सैन्य कार्रवाई रोकने का श्रेय लेने की कोशिश यूएस ने क्यों की।अब आतंकवाद से निपटने की हमारी रणनीति क्या होगी,क्या हम पाकिस्तान को दुनिया में कूटनीतिक रूप से अलग थलग करने में सफल हो पाए।सरकार कांग्रेस की मांग पर विशेष सत्र नहीं बुलाई तो अब कांग्रेस सपा,टीएमसी,डीएमके,शिवसेना यू बी टी , आ र जे डी , ने कां , मा क पा , मु स्लि म लीग,भाकपा,आरएसपी,झामुमो,भाकपा एमएल आदि दलों के साथ मिलकर सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।कांग्रेस के अकेले मांग करने पर सरकार ने कांग्रेस अकेले मांग कर रही है,इसलिए संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया तो अब कांग्रेस विपक्ष के साथ मांग कर रही है कि अब तो विपक्ष मांग कर रहा है। अब अगर सरकार नहीं बुलाएगी तो कांग्रेस आलोचना करेगी, सरकार तानाशाही कर रही है,लोकतंत्र का अपमान कर रही है, संसद का अपमान कर रही है,कहेगी का विपक्ष के बुलाने पर भी सरकार संसद का विशेष सत्र नहीं बुला रही है।कांग्रेस का अपना ईगो है कि वह कह रही है तो सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।उसके बाद कांग्रेस से बड़ा ईगो विपक्ष का है।वह भी यही कहेगा कि जब विपक्ष चाह रहा है तो सरकार संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुला रही है।मतलब हम कह रहे है तो सरकार बुलाने से मना कैसे कर सकती है।यानी विपक्ष चाहता है कि जब उसने कह दिया तो सरकार को कुछ सोचना नहीं चाहिए और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। विपक्ष सिर्फ संसद का विशेष संत्र बुलाने की मांग कर सकता है। यह उसका अधिकार है, लेकिन संसद सत्र का विशेष सत्र किसी मामले में बुलाना है या नहीं बुलाना है तो यह सरकार विशेष अधिकार है। सरकार का मत है कि जुलाई में संसद का मानसून सत्र होने वाला है,जो अगस्त तक चलेगा फिर जून में संसद का विशेष सत्र बुलाने की क्या जरूरत है।सरकार का मानना है कि जब संसद का सत्र बुलाया जा रहा है तो विपक्ष को जो भी सवाल पूछना है, उसे मानसून सत्र में पूछने का मौका मिलेगा।माना जाता है कि देश में युध्द या सीमा पर सैन्य संघर्ष को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की कोई परंपरा नहीं है,६२ में पीएम नेहरू ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाकर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया था, इसके बाद ६५,७१ व ९९ में युध्द के बाद संसद का कोई विशेष सत्र नहीं बुलाया गया है।पिछली सरकारों के समय भी कई आपरेशन चलाए गए थे लेकिन किसी आपरेशन के बाद तब की सरकारों न भी विशेष सत्र नहीं बुलाया था। सरकार की तरफ से, सेना की तरफ से वह सब बताया जा चुका है जो भी बताने लायक है।पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ विदेशों में सात प्रतिनिधिमंडल भेजकर भी बताया गया है कि पाकिस्तान किस तरह आतंकवाद का पोषक है और उसका उपयोग कैसे भारत के खिलाफ करता है।सीडीसी ने भी बता दिया कि भारत को नुकसान हुआ है और पाकिस्तान को भारत से ज्यादा नुकसान हुआ है।पाकिस्तान खुद स्वीकार चुका है कि भारत ने उसको बहुत नुकसान पहुंचाया है।सरकार सेना कह चुकी है कि आतंकवाद के खिलाफ आपरेशन सिंदूर सफल रहा है, पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया तो भारत ने मुंहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तान को बता दिया है कि भारत उससे मजबूत है और इतना मजबूत है कि कुछ दिन में जो करना चाहे कर सकता है और पाकिस्तान उसे रोक नहीं सकता।दुनिया मान रही है कि भारत ने तीन दिन में अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया, जबकि इजराइल व रूस साल भर में वह सब नहीं कर पाए हैं जो वह करना चाहते हैं। पिछले एक माह में सेना ने जो कुछ किया है, वह सेना की उपलब्धि तो है ही, साथ ही वह मोदी सरकार की भी उपलब्धि है, सेना की जीत देश की जीत, सरकार की जीत मानी जाती है।इसलिए विपक्ष चिंतित है कि मोदी सरकार व भाजपा को इसका लाभ बिहार चुनाव में हो सकता है, इसलिए वह खास तौर पर मोदी सरकार को आपरेशन सिंदूर,सैन्य कार्रवाई को लेकर फेल बताना चाहती है।

## विश्व पर्यावरण दिवस

# क्या सचमुच हम इस पृथ्वी पर रहने योग्य प्राणी हैं?

**डॉ. राजाराम त्रिपाठी**



एक बार फिर पाँच जून आ पहुँचा है। यानी वह दिन जब हम "विश्व पर्यावरण दिवस" के नाम पर बड़ी श्रद्धा से एक बार फिर सारी घिसी-पिटी औपचारिकताएँ निभाएँगे। कोई बरगद का बोंजाई गमले में लगाएगा, तो कोई नौतपा में पीपल, जामुन ,आम के पौधे लगाएगा, कोई हरे-भरे गमले थामे हुए सेल्फी खिंचवाएगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम की दीवारें 'ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ' जैसे नारों से पट जाएँगी। अधिकारीगण भाषण देंगे, कुछ भाषण सुनने की रस्म निभाएँगे। और अगले दिन सब अपने-अपने निर्धारित एजेंडे पर लौट जाएँगे।यानी पर्यावरण-विनाश की एकसूत्रीय योजना में पुनः सक्रिय हो जाएँगे। दरअसल, हमने कभी पर्यावरण की चिंता की ही नहीं। हमारा विकास मॉडल ही ऐसा है जिसमें प्रकृति के लिए कोई स्थान ही नहीं। विज्ञान से हमने क्या सीखा? यही कि हर प्रगति अब प्रकृति पर एक और प्रहार है। हमने विज्ञान को विकास का औजार तो बना लिया, पर विवेक को कूड़ेदान में डाल दिया। परिणाम यह कि विकास और पर्यावरण अब एक वाक्य में दो तलवारों की तरह हो गए हैं—जो एक म्यान में साथ रह ही नहीं सकते। आज जलवायु परिवर्तन केवल एक वैश्विक बहस नहीं, हमारे फेफड़ों में घुला जहर बन चुका है। कहीं तापमान 50 डिग्री पार कर गया है, तो कहीं बर्फ़बारी जून में हो रही है। लगता है, पृथ्वी अपने संतुलन को खो चुकी है—कभी आग बरसाती गर्मी, तो कभी "आइस एज" की आहट। भारत में इस वर्ष मई 2024 में राजस्थान के फालौदी में तापमान 50.5, C दर्ज किया गया—जो भारत में अब तक का सर्वाधिक तापमान बन गया। इसी वर्ष दिल्ली में 29 मई तापमान 49.9, C रहा।

बादल अब मौसम विभाग की परिभाषाओं को ठेंगा दिखाते हैं। न कैलेंडर में दर्ज ऋतुएँ समय पर आती हैं, न पंचांगों के ग्रह नक्षत्र अब वर्षा का अनुमान दे पाते हैं। IPCC की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पिछले 50 वर्षों में मानसून की स्थिरता 27% तक घट गई है। 'प्रतीक्षित वर्षा' और 'वास्तविक वर्षा' के बीच का अंतर अब औसतन 19% हो गया है। पर हमारे विकास मॉडल को देखिए—वह सस्टेनेबिलिटी से कोसों दूर भागता है। अब पर्यावरण संरक्षण के नाम पर हम बड़े गर्व से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रहे हैं। मानो बिजली से चलने वाला वाहन अपने आप में समस्त पर्यावरण पापों को विनष्ट करने वाला 'पावन गंगा जल' हो गया हो! परन्तु क्या कभी हमने आत्मा से पूछ कर देखा है कि उस बैटरी के निर्माण और निष्पादन की प्रक्रिया कितनी विषैली है? केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार भारत में 2022-23 में लगभग 70,000 टन लिथियम-आयन बैटरियाँ आयात हुईं, जिनमें से 95% का कोई पर्यावरण-सुरक्षित रीसायक्लिंग सिस्टम नहीं है। उनकी रीसायक्लिंग की प्रक्रिया या तो अस्तित्व में नहीं है या बेहद सीमित है। दूसरा सवाल—वह बिजली कहाँ से आ रही है जिससे ये पर्यावरण हितैषी का ठप्पा माथे पर चिपकाए हमारी ये ईवी चार्ज होते हैं? क्या कोयले से बिजली बनाना प्रदूषण मुक्त प्रक्रिया है? भारत की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 72% से अधिक हिस्सा आज भी थर्मल पावर प्लांट्स का है। इनमें से अधिकांश कोयले से चलने वाले हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, और फ्लाई ऐश का प्रमुख स्रोत हैं। (स्रोतः CEA - Central Electricity Authority, 2024) और जिस सौर ऊर्जा को हम 'पवित्र गाय' मान बैठे हैं, क्या उसकी सोलर प्लेट्स को हम 100% रीसायकल कर सकते हैं? फ्रेंच एनवायर्नमेंटल एजेंसी (ADEME) की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व स्तर पर सोलर पैनल का केवल 10-15% ही प्रभावी रूप से रीसायकल हो रहा है। भारत में यह प्रतिशत और भी कम है। आज खेतों में करोड़ों टन रासायनिक खाद डाली जा रही है, जिसकी गैसें जल, थल, नभ तीनों को बर्बाद कर रही हैं। कीटनाशकों से न केवल मिट्टी मर रही है, बल्कि वह 'मृत्युभोज' धीरे-धीरे हमारे शरीर में पहुँच रहा है। FAO (Food and Agriculture Organization) की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, भारत की 30% कृषि भूमि मध्यम से लेकर गंभीर रूप से मिट्टी-प्रदूषण की शिकार है। पर्यावरण की इस दुर्दशा में अकेले व्यक्ति नहीं, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भी समान रूप से दोषी हैं—या कहें कि उनके पास 'अधिकांश अधिकार' सुरक्षित हैं। उनके उत्पाद, उनके ब्रांड, उनके हित—सब पर्यावरण की कीमत पर सुरक्षित हैं। और कई सरकारें तो उनके इशारे पर ही कार्य करती प्रतीत होती हैं। अब सोचिए, क्या सचमुच हम इस नीले ग्रह को रहने योग्य बनाए रखना चाहते हैं? अथवा इससे भी बड़ा सवाल—क्या हम, मनुष्य जाति, इस पृथ्वी पर रहने योग्य प्राणी हैं? आपने कभी सुना कि किसी बकरी, किसी शेर, किसी तेंदुए ने किसी वनस्पति या प्राणी प्रजाति को नष्ट कर दिया हो? नहीं। यह कारनामा केवल मनुष्य कर सकता है। वह विकास के नाम पर जंगलों की हत्या करता है, जैवविविधता का संहार करता है, और फिर खुद को 'सभ्य' कहता है। यूनाइटेड नेशंस बायोडायवर्सिटी रिपोर्ट (2020) के अनुसार, मानव गतिविधियों के कारण प्रतिदिन लगभग 150 प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं। आज हम चंद्रमा पर पहुँचने की खुशी में उछल रहे हैं, मंगल पर 'बस्ती बसाने' के ख्वाब पाल रहे हैं। पर ज़रा सोचिए—अगर पृथ्वी, जहाँ ऑक्सीजन निशुल्क है, जल लगभग सहज उपलब्ध है, जहाँ प्रकृति अपने दम पर हर वर्षा ऋतु में जल, जीवन ,बनस्पति जगत के पुनर्जीवन का प्रयास करती है, अगर हमारे ही कुकर्मों के कारण यहाँ जीवन संभव नहीं रहा, तो प्रयोगशालाओं में बनाई गई ऑक्सीजन, पानी और पौधे के सहारे चाँद-मंगल पर कितने लोग, कितने दिन जिंदा रह पाएँगे? विज्ञान को नकारना समाधान नहीं, पर विवेकहीन विज्ञान अनिष्ट ही करता है। मानवता का संरक्षण यदि हमारा उद्देश्य है तो सबसे पहले हमें इस पृथ्वी को संरक्षित करना होगा। 'रहने योग्य ग्रह' की खोज से पहले 'रहने योग्य समाज' का निर्माण करना ज़रूरी है।

यही कारण है कि हमें अब विकसित समाज के अहंकार से बाहर निकल कर आदिवासी समाज की ओर देखना होगा। वे, जो हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ सहजीवन में रहकर सिखाते आए हैं कि "विकास" केवल ऊँची इमारतों का नाम नहीं, बल्कि धरती व प्रकृति के साथ संतुलित सहजीवन का नाम है। हम जिन्हें "पिछड़ा आदिवासी" कहते हैं, वे हमें दिखाते हैं कि कैसे बिना प्लास्टिक के, बिना जहर के खेती की जा सकती है। कैसे जल का सम्मान किया जा सकता है, कैसे वनों के साथ जीते हुए भी वनों की रक्षा की जा सकती है। 'मिश्रित खेती', बचे-खुचे 'परंपरागत बीज', 'वनस्पतिजन्य दुर्लभ औषधियाँ"—इन सबका ज्ञान इन जनजातियों के पास है, जिन्हें हमने विकास की दौड़ में तिलांजलि दे दी थी। किंतु हमें "शिक्षक" नहीं, "शिष्य" बनकर इन जनजातीय ज्ञान परंपराओं के पास जाना होगा। तभी हम इस पृथ्वी को सचमुच बचा पाएँगे।अंत में...विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक तारीख नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। यह हमें याद दिलाता है कि अगली पीढ़ी को केवल विरासत में मोबाइल और मेट्रो नहीं, पीने का पानी, सांस लेने की हवा और टिकाऊ जीवन प्रणाली भी चाहिए। आज की वैज्ञानिक दृष्टि को ऋषि-दृष्टि के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। जैसा कि हमारे पूर्वज कह गए हैं:"पृथिव्यां त्रायते यः स धर्मः" — जो पृथ्वी की रक्षा करे वही धर्म है। और याद रखिए—"यस्य किञ्चिद्ज्ञानं स विनश्यति" — जिसने थोड़ा-सा भी ज्ञान पाया, पर विवेक खो बैठा, उसका विनाश निश्चित है।इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं है कि 'हम पृथ्वी को कैसे बचाएँ', बल्कि यह भी है—क्या हम खुद को बचा पाने योग्य बना पाए हैं?

**प्रख्यात पर्यावरणविद्,राष्ट्रीय किसान नेता एवं जनजातीय जीवनशैली के प्रखर प्रवक्ता)**

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आप अपने व्यवसाय में किसी के साथ पार्टनरशिप करने के बारे में सोच सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट की राय के बिना इन्वेस्टमेंट करने से नुकसान होगा। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। किसी काम के समय से पूरा न होने के कारण मन परेशान रहेगा। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में आपको कुछ नए लोगों का फायदा मिलेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपके लिए बेहतर रहेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। बॉस से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। मनोरंजन की चीजों पर आप अच्छा खासा खर्च करेंगे। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप यदि किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है। ननिहाल पक्ष के लोगों से आप मेल मिलाप करने जा सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप अपनी जिम्मेदारियां से पीछे बिल्कुल न हटे।

**कर्क** आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपके मन में उलझने अधिक रहेंगी। आपको यदि किसी काम को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे न पड़े। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे कामो में अच्छी सफलता मिलेगी। जो लोग विदेशों से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है, जिससे उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**सिंह** आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप अपने प्रियजनों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी की योजना बनाएंगे। आपको अपने बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहे, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या आ सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको किसी पुरानी गलती को लेकर अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं। आपको महिला मित्रों से थोड़ा सावधान रहना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने कामों में जोश व उत्साह से आगे बढ़ेंगे, लेकिन आपको अपने खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने काम पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है। आज आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आपको आर्थिक मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। भाई व बहनों से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों से रिश्ते को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। आपकी किसी बात से माताजी नाराज हो सकती हैं। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा। आपसे कार्यक्षेत्र में यदि कोई गलती हो, तो आप उसे दोबारा न करें। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से बातचीत थोड़ा ध्यान देकर करनी होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने करियर में आगे बढ़ने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी। आप कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा मुकाम हासिल करने मे कामयाब रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ने से आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मनचाही यात्रा पर जा सकते हैं, जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही कर रहे हैं, बाद में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से काम लेने लेने के लिए रहेगा, तभी आप कुछ नया कर पाएंगे। आप अपने लक्ष्य को पकड़ कर चलें। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से कोई बात सोच समझ कर बोली होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

## हादसा

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना

**ललित गर्ग**



बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए।

एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है।

## गंगा दशहरा

# जल संरक्षण का त्यौहार गंगा दशहरा

**अजय कुमार चतुर्वेदी**

भारत में गंगा, गोदावरी, यमुना, सरस्वती, ब्रम्हपुत्र आदि महत्वपूर्ण नदियाँ हैं, जिन्हें प्राणदायनी माना जाता है। इनमें देव नदी गंगा भारतीयों के जीवन में धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। और इसी से जुड़ा है गंगा दशहरा का पर्व और दशहरा मेला। सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा पर्व बिल्कुल ही अनूठे ढंग से मनाया जाता है। इस अवसर पर यहाँ पांच दिनों तक मेला लगता है। यह पर्व यहाँ की लोक संस्कृति को समझने में सहायक है।

**गंगा की उत्पति और गंगा दशहरा-** राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए कठोर तपरस्या कर गंगा को पृथ्वी पर अवतरित किया था। शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा, पृथ्वी लोक में अवतरित हुई थीं। इसलिए इस दिन गंगा दशहरा का पर्व, देवी गंगा को समर्पित त्योहार के रूप में मनाया जाता है। गंगा दशहरे के दिन से वर्षा का आगमन होने लगता है और दसों दिशाओं में हरियाली छाने लगती है। अतः इस दिन, वर्षा आगमन का स्वागत करते हुए खुशियां जाहिर की जाती हैं।

**गंगा दशहरा- जन्म नाल एवं कमल नाल का सम्बन्ध** -छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा का पर्व धूम-धाम से मनाया जाता है। सरगुजा वासियों की मान्यता है कि गंगा दशहरे के दिन पुरइन (कमल) के पत्ते से युक्त जलाशय में गंगा विराजती हैं। इसलिए इसी जलाशय को गंगा तुल्य मानकर इसकी पूजा-अर्चना की जाती है।गंगा दशहरे के दिन किसी स्थानीय जलाशय में, साल भर आयोजित शुभ कार्यों से सम्बंधित सामान जैसे- विवाह का मौर, कक्कन, कलश, बच्चे के जन्म के समय का नाल व छटठी का बाल आदि को विसर्जित किया जाता है। इस दिन बैगा (पुरोहित) पूजा-अर्चना करवाता है। गंगा पूजन नारियल, सुपारी, फल-फूल और अगरबत्ती से किया जाता है। गंगा दशहरे के दिन, दान का विशेष महत्व है इसलिए विसर्जित करने जाने के पूर्व गांव में सगे-संबधियों को निमंत्रित कर उन्हें तेल, कपड़ा, रोटी और यथाशक्ति रूपये दान देकर दशहरा मेला देखने जाने के लिए कहा जाता है। जलाशय में पुरइन (कमल) की जड़ के नीचे, बच्चे के जन्म के समय की नाल को गाड़ा जाता है। यह कार्य गांव का बैगा, पूजा करवाकर करता है। घर का जो व्यक्ति विसर्जित करने जाता है, वह उपवास रखता है। विसर्जित कर घर लौटने पर संगे-सबंधियों को भोज पर आमंत्रित किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि 'हम लोग अपने धार्मिक अनुष्ठानों के चीजों को गंगा में सेराना (विसर्जित करना) पुण्य मानते हैं किन्तु गंगा



दूर है इसलिए किसी भी जलाशय को गंगा तुल्य मानकर, पूजा-अर्चना कर, शुभ कार्यों के सामान को विसर्जित कर पुण्य लाभ लेते हैं।'

**गंगा दशहरा और कठपुतली विवाह-** कठपुतली का मंचन, प्राचीन मनोरंजक कार्यक्रमों में से एक है। सरगुजा अंचल में भी गंगा दशहरे के अवसर पर कठपुतली विवाह करने की प्रथा प्राचीन समय से है, जिसमें लकड़ी (काष्ठ) से गुडडे-गुड़िया बनाये जाते हैं और उनका विवाह संपन्न कराया जाता है। सरगुजा अंचल में प्रति वर्ष जेठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा के अवसर पर गांव की कुंवारी लड़कियां घर वालों के सहयोग से कठपुतली का विवाह करती हैं। लकड़ी के गुड्डा-गुड्डी बनाकर तीन दिनों तक विवाह के सभी रस्मों का पालन करते हुए कठपुतली विवाह का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में घर के बड़े-बुजुर्ग विवाह के सभी रस्मों (मण्डप गाड़ने से विदाई तक) को बताने में सहयोग करते हैं। गांव की कुंवारी लड़कियां गुड्डे-गुड्डी की मां और लड़के, पिता की भूमिका अदा करते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य घर के बच्चों को विवाह संस्कार की जानकारी देना और मनोरंजन करना है। कठपुतली विवाह के उपरांत गंगा दशहरे के दिन इन कठपुतलियों को जलाशय में विसर्जित कर दिया जाता है।

**गंगा दशहरा मेला और दसराहा गीत** -सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा - जल प्रतिष्ठा का मेला है।सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा को'' गंगा दसराहा'' के नाम से जाना जाता है। सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा के अवसर पर 5 दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता है। दसराहा मेला मे पान की दुकानों का विशेष आकर्षण रहता है। क्योंकि इस दिन पान खाने का विशेष महत्व समझा जाता है। युवक-युवतिया पान खा कर छाता ओढ़कर '' दसराहा गीतों'' का गायन करती हैं। दसराहा गीतों में सवाल-जवाब किया जाता है। दसराहा गीत को धंधा गीता और उधुवा गीता भी कहा जाता है। यह सरगुजा अंचल के गंगा दशहरा मेले का विशेष आकर्षण होता है। दसराहा गीतों में पान का उल्लेख सुनने को मिलता है।

## एक नजर

### पहली बारिश और नल से आ रहा गंदा पानी



**सुकमा, 5 जून।** नगर पालिका द्वारा संचालित नल जल योजना अब जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती नज़र आ रही है। वार्ड से लोगों ने शिकायत की है कि नलों से जो पानी आ रहा है, वह गंदा, बदबूदार और पीने लायक नहीं है। जो नल से पानी आ रहा है, उसमें गंदगी है। यही पानी हम रोज पीते और इस्तेमाल करते हैं। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ है।

### शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों का जाँच शिविर 14 जून को

**जगदलपुर 05 जून।** जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थान स्कूल, कॉलेज, आईटीआई में संचालन होने वाली समस्त शैक्षणिक संस्थान वाहनों को उच्चत न्यायालय के निर्देशानुसार जारी गाईड लाईन अनुसार 14 जून 2025 को प्रातः 8 बजे कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कुरन्दी रोड आड़ावाल जगदलपुर में जांच शिविर आयोजित किया गया है। इस निरीक्षण हेतु वाहनों आवश्यक दस्तावेज का एक सैट सहित वाहन को अद्यतन कर प्रस्तुत होना है । इस हेतु समस्त स्कूल प्रबंधकों को सूचित किया गया है कि स्कूलीय वाहनों को नियत जांच शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, निलंबन-निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाएगा और वाहन संचालित होते पाया जाएगा तो वाहन निरूद्ध भी किया जाएगा।

### असुरक्षित ढंग से लोहे का सामान ले जा रहे भारी वाहन पर लगा जुर्माना



**दंतेवाड़ा, 05 जून।** जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर अंधाधुंध गति से वाहन चलाने अथवा वाहनों पर बेतरतीब तरीके से सामान लोडिंग कराने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं इस क्रम में विगत दिवस विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए असुरक्षित ढंग से बाहर निकले हुए पाइप और रॉड ले जारी वाहन पर मोटरयान अधिनियम के तहत 20 हजार रुपये का चालान काटा गया। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि रोड सेफ्टी के तहत सड़कों को आम जनों के लिए सुरक्षित बनाने एवं लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने के लिए विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया।

### खाद्य एवं औषधि विभाग ने किया मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण




**दंतेवाड़ा, 05 जून।** कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर, जिला-दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक द्वारा औषधि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा की अनिवार्यता के संबंध में निरीक्षण किया गया जा रहा है। जिसका पालन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए मेसर्स कर्मा मेडिकल स्टोर, हॉस्पिटल रोड दंतेवाडा को औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 की धारा 66(1) के अन्तर्गत आगामी आदेश तक के लिए स्वीकृत औषधि अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है, एवं इसी प्रकार बस स्टैंड कटेकल्याण स्थित अर्पिता फार्मेसी एन्ड जनरल स्टोर, को निरीक्षण नहीं होने व सीसीटीवी कैमरा नहीं पाये जाने से फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार में अव्यवस्था पर तीन कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी

**सुकमा, 5 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में अव्यवस्था पाई गई, जिससे केन्द्र के संचालन और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर ध्रुव के द्वारा सीएचओ कु. शशि किरण जुर्री, एएनएम कु. तुलसा नाग और एमपीडब्ल्यू श्री सुरेश कुमार उप स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार, विकासखण्ड छिन्दगढ़ को दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता व लापरवाही को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) (11) (111) के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी। तीनों कर्मचारियों को 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने या प्रस्तुत न करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का उद्घाटन विधायक चैतराम ने किया

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** आज जिले के निवासियों को बैंकिंग सेवाओं की सुविधा के रूप में एक नई सौगात मिली। जब इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय परिसर (भूतल) में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायकचैतराम अटामी ने इस नए बैंक का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हुए, जिनमें इंडियन ओवरसीज बैंक के राज्य प्रमुख (वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक)गौरी शंकर नायक, मुख्य प्रबंधकगतिकृष्ण पाणिग्रहण, मार्केटिंग प्रमुख (वरिष्ठ प्रबंधक)बृजेश सिंह गौतम और नव नियुक्त शाखा प्रबंधकमोहन सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# एनएमडीसी में विभिन्न पदों पर होगी बंपर भर्ती

- कलेक्टर ने जिले के युवाओं से इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की
- 14 जून तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 05 जून।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन कार्यरत नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम एनएमडीसी लिमिटेड ने दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल, बचेली (छत्तीसगढ़) एवं डोनिमलाई (बेल्लारी, कर्नाटक) स्थित लौह अयस्क खदानों में विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। एनएमडीसी लिमिटेड देश की प्रमुख खनन और खनिज अन्वेषण कंपनी है, जो लगातार लाभ अर्जित कर रही है। इसके टर्नओवर में निरंतर वृद्धि हो रही है। अब कंपनी ने अपनी खदानों में योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए अनेक पदों पर भर्ती निकाली है। एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा अब बैलाडीला लौह अयस्क खदान, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ में बचेली कॉम्प्लेक्स तथा डोनिमलाई लौह अयस्क खदान, डोनिमलाई कॉम्प्लेक्स, बेल्लारी, कर्नाटक के लिए विभिन्न तकनीकी पदों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

इसके अनुसार बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स में फील्ड अटेंडेंट (ट्रेनी) 86, (आवश्यक योग्यता मिडिल पास या आईटीआई), असिस्टेंट (इलेक्ट्रॉनिक)(ट्रेनी) 49, ( आईटीआई, इलेक्ट्रिकल ट्रेड) मेंटेनेंस असिस्टेंट (मैकेनिकल)(ट्रेनी) 86, ( आईटीआई इन वेल्डिंग, फिटर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक,डीजल मैकेनिक, ऑटो इलेक्ट्रीशियन), इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 01, ( इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ औद्योगिक, घरेलू इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन सर्टिफिकेट) इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीशियन ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 03, (3 इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा), एचईएम मैकेनिक ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 39, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), एचईएम ऑपरेटर ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 118, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), एमसीओ ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 6, (मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा तथा वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस), क्यूसीए ग्रेड-3 (प्रशिक्षु) 01, (योग्यता के बाद नमूना कार्य में एक वर्ष का अनुभव आवश्यक है।

# जिले का कोई भी विद्यालय नहीं रहेगा शिक्षकविहीन

- शैक्षणिक माहौल और बेहतर होगा
- अंदरूनी क्षेत्र के विद्यालय के विद्यार्थियों को भी मिलेगी बेहतर शिक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 5 जून।** राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसिलिंग की प्रक्रिया बुधवार की देर रात तक पूरी कर ली गई है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में मौजूद शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल गए, वहीं इन क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा की गारण्टी सुनिश्चित हो गई है। आने वाले दिनों में जब विद्यालय खुलेंगे तो उन्हें नए शिक्षक के साथ अध्ययन का अवसर मिलेगा। कलेक्टरहरिस एस के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायतप्रतीक जैन की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई। शासन के दिशा निर्देशों के तहत जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षको की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लगातार दो दिनों तक चले इस प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकविहीन विद्यालय और शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में पदस्थ किया गया। सर्वप्रथम प्राथमिक शालाओं के सहायक शिक्षको और प्रधान अध्यापक की तथा माध्यमिक शालाओं के प्रधान अध्यापक की काउंसलिंग तीन जून को की गई। इस प्रक्रिया में लगभग 202 सहायक शिक्षको और 15 प्रधान पाठक की काउंसलिंग की गई।

## शिक्षा व्यवस्था पर किए जा रहे प्रहार के खिलाफ एनएसयूआई लड़ेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 जून।** भाजपा सरकार द्वारा लिए गए स्कूल को मर्ज करने के फैसले पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव नामीर अली ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप सरकार की नीतियों बच्चों, युवाओं और शिक्षकों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। एनएसयूआई यह स्पष्ट करती है कि शिक्षा के अधिकार, पारदर्शी भर्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थाओं की रक्षा के लिए हम संघर्ष करेंगे।



नामीर ने कहा युक्तिकरण के नाम पर 10000 स्कूल बंद कर शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला कर रही सरकार। सरकार युक्तिकरण की आड़ मे 10000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना पर काम कर रही है। वहीं प्रधानमंत्री की मोदी गारंटी में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया गया था। वहीं मोदी की गारंटी को लेकर नामीर ने सरकार से सवाल पूछा जब स्कूल ही नहीं होगे, तो शिक्षकों की भर्ती किसकी होगी। यह कदम सरकार ने गरीब, ग्रामीण आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास करने के लिए उठाया है। नामीर ने सरकार से पूछा 57000 शिक्षकों की भर्ती को मोदी की गारंटी या सिर्फ 15 लाख का सिर्फ जुमला है ही है पूछा। सरकार ने चुनाव के वक्त जनता से और युवाओं से बड़े बड़े वादे किए थे। मगर एक भी वादा आज तक सरकार ने पूरा नहीं किया है। सरकार सिर्फ और सिर्फ युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है।



## एनएमडीसी बचेली टाउन शिप में बना सब्जी मार्केट बना नशेड़ीयों का अड्डा

**बचेली, 5 जून।** बचेली में स्थित विष्व विख्यात नवरत्न कम्पनी एनएमडीसी के मेंन मार्केट में करोड़ो रुपए खर्च कर स्थानीय सब्जी व्यापारियों के लिए बनाया गया काम्प्लेक्स परंतु नहीं बसा मार्केट जो की इन दिनों नशेड़ीयो का अड्डा बना हुआ हैं जिसके कारण यहाँ का वातावरण हो रहा है खराब स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों को हाट बाजार वाले दिन सब्जी लगाने के लिए करनी पड़ती है जद्दोजहद सुरक्षा का भी कोई इंतजाम नहीं रहने की वजह से नशेड़ियों व असामाजिक तत्व रात भर करते हैं हुड़दंग।

### मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सुकमा, 05 जून।** मोर गांव-मोर पानी महाअभियान भू-जल संरक्षण मिशन जल रक्षा के तहत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड सुकमा के ग्राम पंचायत गोंगला में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने जल संरक्षण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सभी ने भू-जल रक्षा के लिए शपथ ली। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में विस्तार से बताया। बारिश के पानी को संग्रहित कर भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## चंदेनार में चावल उत्सव योजना का विधायक चैतराम ने किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना ÷चावल उत्सव÷ का भव्य शुभारंभ मंगलवार को दंतेवाड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चंदेनार में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायकचैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत किसानों और अन्य जरूरतमंद परिवारों को आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए तीन महीने का चावल एक साथ उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बार-बार राशन दुकान तक न आना पड़े और वे अपनी खेती किसानी पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। विधायकअटामी ने इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिला हितग्राहियों से अपील किया कि वे इस चावल का उपयोग केवल भोजन प्रबंध के लिए ही करते हुए उपलब्ध खाद्यान्न को अन्यत्र विक्रय संबंधित कार्यो में ना करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश के लोगों को सबसे मूलभूत आवश्यकता भोजन की चिंता से मुक्त किया है, ताकि सभी ग्रामीण को अपने जीवन यापन में कोई दिक्कत न हो और वे अपने परिश्रम का पूरा फल प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि आज मेहनत का ही परिणाम है कि गांव-गांव में अब दोपहिया वाहन और आवागमन के साधनों की उपलब्धता बढ़ी है।



## साप्ताहिक बाजार में पाम्पलेट बांट कर लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 05 जून।** जिला दन्तेवाड़ा में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से समझाईश देने व चालानी कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) श्री स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक- प्रहलाद कुमार साहू ने अपने टीम के साथ साप्ताहिक बाजार दंतेवाड़ा में बाजार आये सभी लोगों को यातायात नियमों से भरी प्रिंटेड पाम्पलेट बांट कर यातायात नियम जैसे- सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/ शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने, वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज रखने, वाहन में स्ब्क्षष्ठ स्ढ्डत्न॥ञ्च का उपयोग न करने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया/चार पहिया वाहन चलाने न देने के संबंध में बता कर जागरूक करते हुए यातायात नियम के फायदे और नुकसान के बारे में समझाईश दिया गया।

# निगम काम्प्लेक्स में प्रस्तावित शराब दुकान अन्यत्र ले जाने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 05 जून।** जगदलपुर शहर के कोतवाली थाना के ठीक सामने स्थित नगरपालिक निगम के व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रस्तावित शराब की दुकान संचालित करने की योजना को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने हिन्दू और जैन समुदाय की धार्मिक भावनाओं एवं महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा की दृष्टि व जनमानस की भावनाओं को मद्देनजर रखते हुए प्रशासन को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और प्रस्तावित शराब की दुकान को रिहायशी व धार्मिक स्थल से कहीं दूर जगदलपुर शहर से बाहर अन्यत्र संचालित करने का अनुरोध किया है।



गौरतलब है कि, पिछले दिनों जगदलपुर शहर के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय व्यवसायियों ने पूर्व विधायक बाफना को अवगत कराया था कि, कोतवाली थाना के ठीक सामने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में शराब की दुकान खोला जाना प्रस्तावित है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में चिंता है कि, प्रशासन के इस फैसले से इलाके में अपराध बढ़ेगा व क्षेत्र की शांति भी भंग होगी। जनता की मांग पर पूर्व विधायक बाफना ने अपना विरोध जताते हुए कहा है कि, रिहायशी इलाके में शराब की दुकान खोलने का स्थानीय प्रशासन का निर्णय नियमों के खिलाफ है जबकि नियमानुसार किसी भी शराब की दुकान को रिहायशी, धार्मिक जैसे स्थलों से उचित दूरी पर होना चाहिए, लेकिन प्रस्तावित दुकान से महज 100 मीटर की दूरी पर श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं कोतवाली थाना के ठीक सामने पुलिस लाईन परिसर में श्री शंकर मंदिर व पुलिस कर्मचारियों की कॉलोनी, एसबीआई बैंक, तमाम शासकीय कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी बमुश्किल 150 मीटर की दूरी पर ही स्थित है जो कि सर्वविदित भी है। बावजूद स्थानीय प्रशासन को प्रस्तावित स्थल के समीप धार्मिक स्थल की जानकारी होते हुए भी शराब की दुकान संचालित करने का यह फैसला हिन्दू एवं जैन समुदाय की धार्मिक आस्था पर चोट पहुँचाने का निर्णय प्रतीत होता है। प्रशासन के इस निर्णय से न केवल लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी, अपितु बुजुर्गों, महिलाओं व युवा वर्ग के लिए भी क्षेत्र का सामाजिक वातावरण हारिकारक साबित होगा। ऐसे में रिहायशी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने का निर्णय वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ भी जाता है। पहले भी इस मुद्दे को लेकर कई आंदोलन हो चुके हैं ऐसे में पुनः रिहायशी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने का निर्णय किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

## समाचार संक्षेप

### आत्मसमर्पित माओवादी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करें काम: कलेक्टर

**सुकमा, 05 जून।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री ध्रुव ने आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन राशि के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत शासकीय नौकरी के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे सोलर, प्लंबर आदि का प्रबंध कर, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और सक्रियता से कार्य करें, ताकि जिले के नागरिकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके और विकास कार्यों में गति लाई जा सके।



### नक्सल पीड़ित परिवारों को सुविधा दिलाने विशेष शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, कारली में आज नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक दस्तावेजों और योजनाओं की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक खाता खोलना, स्व सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल थीं। शिविर का संचालन नोडल अधिकारी श्री गोवर्धन प्रसाद साहू द्वारा किया गया, जिन्होंश्चह्ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नक्सल पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी दस्तावेज और सुविधाएं प्रदान कराईं। इसके साथ ही श्री साहू ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर हर ब्लॉक स्तर पर हर हफ्ते इस तरह के विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक नक्सल पीड़ित परिवारों को लाभ पहुंचाया जा सके और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जा रहा जागरूक

**सुकमा, 05 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 12 जून, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारी तथा नवोन्मेषी किसान शामिल हो रहे हैं। इस अभियान में वैज्ञानिकों की टीम गाँव-गाँव जा रही हैं और किसानों से संवाद कर रही है। जिसमें मृदा परीक्षण, खेत की तैयारी, फसल चयन, बीज उपचार, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग, कृषि ड्रोन का उपयोग, संतुलित उर्वरकों का उपयोग,जल संरक्षण, समन्वित कीट प्रबंधन, समय पर बोनी, कतार बोनी, पैडी ट्रांसप्लांट से धान की रोपाई, मछली पालन, पशुपालन, एवं उद्यानिकी इत्यादि की जानकारी दी जा रही है। कृषि से संबंधित सभी विभाग प्रमुख उपसंचालक कृषि श्री पी.आर. बघेल, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस. तोमर, उपसंचालक पशुपालन डॉ. सुमेर सिंह जगत, सहायक संचालक मत्स्य विभाग डॉ. उदय सवनक एवं सहायक संचालक उद्यानिकी श्री हितेश नाग द्वारा भी उपरोक्त कार्यक्रम में शमिल होकर विभागीय जानकारी के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान किसानों को दिया जा रहा है।



### प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्राक्कयन परीक्षा परिणाम घोषित

**सुकमा, 05 जून।** शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्राक्कयन परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलेवार सूची विभागीय वेबसाईट 222.द्बह्मद्बड्ड14ड्ड.ष्द्द.ढ्ढश्व.द्बठ्ठ पर बुधवार 04 जून 2025 को मुख्यालय द्वारा अपलोड की गई है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जावेगा। आवेदक वेबसाईट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नम्बर का मिलान कर लेवे। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला सुकमा में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करेगें। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है।

### शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर सुमित्रा हुई आत्मनिर्भर



**सुकमा, 05 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सक्षम बनाने हेतु तरह तरह की शासकीय योजनाएं चलाई जा रही हैं। पीएम आवास योजना से जहां शासन के द्वारा ग्रामीणों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही योजना में मनरेगा में कन्वर्जेंस से उन्हें रोजगार के साथ अतिरिक्त लाभ भी उपलब्ध हो रहा है। आवास के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा शौचालय निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल और सुशासन से ग्रामीणों में खुशहाली आई है। महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से जिले के आदिवासी बाहुल्य छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुकानार की ग्रामीण महिला श्रीमती सुमित्रा नाग लाभान्वित हो रही हैं। पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना, शौचालय निर्माण योजना, आयुष्मान कार्ड योजना सहित शासन की अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है।

### कलेक्टर ने छिंदगढ़ विकासखंड का निरीक्षण कर दिए व्यवस्था में सुधार के निर्देश



**सुकमा, 05 जून।** कलेक्टरदेवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को विकासखंड छिंदगढ़ के विभिन्न गांवों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ध्रुव ने कूकानार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर निर्माणाधीन शेड को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टर की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी उपलब्ध उपकरणों का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया। मैटरनिटी वॉर्ड के सुव्यवस्थित संचालन और जननी सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने की जानकारी भी ली। फार्मासिस्ट की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कार्यालय लैम्प्स कुकानार में किसानों की पंजीयन और खाद वितरण की जानकारी ली और पोर्टल में नियमित अपडेट की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### 16 जून से 15 अक्टूबर तक खुले रहेंगे कलमा बैराज के सभी गेट

**रायगढ़, 5 जून।** कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज में 16 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक सभी गेटों को खोला जाएगा। जिससे बैराज के नीचे महानदी में जल बहाव की मात्रा अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के नीचे महानदी में मछली पकडऩा, फसल लगाना एवं नहाना इत्यादि सख्त मना है। जनसामान्य के द्वारा उक्त सूचना के पालन नहीं करने पर होने वाली जन-धन हानि के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### एकलव्य विद्यालयः कक्षा 6 वीं में 12 जून तक ले सकते है प्रवेश

**रायगढ़, 5 जून।** सहायक आयुक्त/ सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए 12 जून 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी एवं पालकगण उक्त तिथि में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। समयावधि में प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। सहायक आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार 14 एवं 15 मई तथा 22 मई 2025 तक प्रवेश हेतु काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग उपरांत जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश सूची जारी किया जा रहा है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयः प्राक्रयन परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़, 5 जून।** शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 20 मई को प्राक्रयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणमा घोषित करते हुए जिलेवार सूची विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर अपलोड की गई है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक वेबसाईट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर सकते है। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक अपने जिला के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा

### कुश्ती आयोजन के लिए समिति गठित

**रायगढ़, 5 जून।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए कुश्ती खेल आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ श्री श्रीकांत दुबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मोतीमहल रायगढ़/प्रतिनिधि राजपरिवार श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, डीएमसी राजीव गांधी शिक्षा मिशन श्री नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री महेश पटेल, श्री दिनेश जायसवाल तथा श्री बलबीर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

### कबड्डी आयोजन के लिए समिति गठित

**रायगढ़, 5 जून।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए कबड्डी खेल हेतु कबड्डी आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल श्री महेश शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मोती महल रायगढ़/प्रतिनिधि राजपरिवार रायगढ़ श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र चन्द्रा, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक कबड्डी श्री राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी श्री सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षक श्रीमती विनीता पाणि एवं सहा.पुलिस उप निरीक्षक श्री राजेन्द्र पटेल को सदस्य बनाये गये है।

### कलाकार चयन के लिए समिति गठित

**रायगढ़, 5 जून।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन हेतु कलाकार चयन के लिए कलाकार चयन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह मोती महल रायगढ़ श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण कुमार भगत, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, मोती महल रायगढ़ सुश्री उर्वशी देवी एवं प्राचार्य श्री राजेश डेनियल को सदस्य बनाये गये है। उक्त समिति कलाकारों के चयन हेतु अपना सुझाव देगी तथा अंतिम निर्णय अध्यक्ष आयोजन समिति, चक्रधर समारोह का होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने रोपे पौधे

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2025 के परिप्रेक्ष्य में दंतेवाड़ा वन मंडल के तत्वाधान के तहत आज मुख्यालय स्थित वन मंदिर वाटिका टेकनार में कलेक्टर कुणाल दुदावत के सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौध रोपण किया गया। अधिकारियों ने इस दौरान आम, कदम, नारियल, फलदार जैसे अन्य पौधों का रोपण किया।

# सुचारु तरीके से हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्ण





- 3 और 4 जून को हुई काउंसिलिंग
- शिक्षकों ने काउंसिलिंग में उपस्थित होकर किया शाला चयन
- पहले दिन 523 शिक्षकों को दी गई पदस्थापना
- दूसरे दिन 424 शिक्षकों की हुई काउंसिलिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से स्कूलों और शिक्षकों का समायोजन किया जाना था, शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में भी सर्वप्रथम 553 स्कूलों को उच्चतर शालाओं में समायोजित किया गया, तत्पश्चात द्वितीय चरण में अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर सभी स्कूलो में सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याताओं की अतिशेष सूची तैयार की गई। जिला समिति के अनुमोदन उपरांत अतिशेष शिक्षकों का काउंसलिंग किया जा रहा है। काउंसलिंग दो दिवस 03 जून 2025 को टी संवर्ग और 04 जून 2025 को ई संवर्ग के शिक्षकों के लिये रखी गई है। काउंसलिंग का कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने निरीक्षण का जायजा लिया। यहां जिला शिक्षाधिकारी श्री के.वेंकट राव व डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा की उपस्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया सुचारू तरीके से संपन्न की जा रही है। प्रथम दिवस की काउंसलिंग जो टी संवर्ग के लिये आयोजित थी, इसमें प्राथमिक शाला में 02 प्रधानपाठक, सहायक शिक्षक विज्ञान 03 सहायक शिक्षक 348 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई।

जिसमें 346 सहायक शिक्षक उपस्थित होकर उन्होंने अपने लिये शाला का चयन किया। प्राथमिक शाला में 07 सहायक शिक्षक अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शाला में 01 प्रधान पाठक और 93 उच्च वर्ग शिक्षकों की काउंसलिंग आयोजित की गई जिसमें 89 शिक्षक उपस्थित रहे एवं 05 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेंडरी स्कूलों की अंतर्गत विभिन्न विषय की व्याख्याता में 76 व्याख्याता अतिशेष पाए गए थे जिसमें 74 व्याख्याता काउंसलिंग में उपस्थित रहे, 02 व्याख्याता अनुपस्थित रहे। इस तरह 03 जून को 523 व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक जो अतिशेष घोषित किये गये थे उसमें 509 ने अपने लिए जिला द्वारा निर्धारित स्कूलों का चयन किया। कार्डसिलिंग में 14 व्याख्याता एवं शिक्षक जो अनुपस्थित रहे उन्हें प्रशासनिक आधार पर जिला से दर्शित स्थान में शेष स्थानों पर पदस्थापना प्रदान कर दी गई। काउंसलिंग के दूसरे दिन विभिन्न विषयों के 19 व्याख्याता जिनको अतिशेष माना गया था, उसमें से 18 व्याख्याता उपस्थित रहे, 01 व्याख्याता अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शाला के विभिन्न विषयों में 60 शिक्षकों को अतिशेष माना गया था जिसमें से 59 शिक्षक उपस्थित रहे 01 शिक्षक अनुपस्थित है। सहायक शिक्षक विज्ञान में एक सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक में तीन शिक्षक अतिशेष रहे जिसमें से सभी शिक्षकों ने अपना स्थल चयन किया। सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला की कुल 345 शिक्षक अतिशेष है जिनकी काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है।

# बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम के साथ मनाया गया दाई-बबा दिवस

- बुजुर्गों के प्रति सेवा, संवेदना विशेष देखभाल एवं बच्चों से उनके भावनात्मक जुड़ाव के संबंध में दी गई जानकारी
- जिला सहित ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 5 जून।** आम जनता के बेहतर स्वास्थ्य एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित हेल्थ मेला में %दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया। जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य जैसे संपूर्ण स्वास्थ्य जांच निश्शुल्क कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही पंजीयन एवं स्वास्थ्य कार्ड प्रदान भी किया गया ताकि बुजुर्गों की नियमित जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाना सुनिश्चित हो सके। सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने कहा कि प्रत्येक बुधवार को जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ मेला मनाया जा रहा है, जिसके तहत आज हेल्थ मेला में %दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ.जगत ने कहा कि %दाई-बबा दिवस' कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं सहभागिता को बढ़ावा देना, बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं परामर्श प्रदान करना, पीढ़ियों के बीच संवाद एवं भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना तथा युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं थे उनका सत्यापन एवं रजिस्ट्रेशन काउण्टर में ले जाकर डिजिडल हेल्थ आईडी (अभा आईडी) से लिंक किया गया।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित सहित नियंत्रण अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर 05 जून।** आगामी मानसून 2025 में जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिसके तहत श्री जागेश्वर कौशल संयुक्त कलेक्टर को जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह श्री विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़, श्री पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, श्री लक्ष्मण राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, श्री अंकित सिंह राजपुत प्रभारी तहसीलदार उसूर, श्री भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर एवं श्री सूर्यकांत धरत प्रभारी तहसीलदार कुटरू को तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने टैबलेट देकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 05 जून।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में प्रतियोगिता और भी कठिन होगी, ऐसे में छात्रों को अपनी पढ़ाई को लेकर निरंतर मेहनत करनी होगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग करें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। इस कार्यक्रम में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक श्री संदीप बालगा, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम पंचारी, डीईओ श्री लखन लाल धनेलिया तथा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। उपनिदेशक श्री संदीप बलगा ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित किए गए छात्रों में कक्षा 10वीं की तीन छात्राएं निशा यादव, निशा नेताम और अर्चित नाग एवं कक्षा 12वीं की छात्रा काजल जायसवाल शामिल रहीं। इन छात्राओं ने जिले में सर्वोच्च अंक अर्जित कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 जून।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2025 तक मंगाए गए है। पुरस्कार हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेंगे। पोर्टल पर दो विकल्प है जिनमें आवेदक बच्चा स्वयं फार्म भर सकता है या कोई अन्य अर्थात माता-पिता/अधिकारी/शिक्षक आदि भी बच्चे का नामांकन कर सकते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी)की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन बच्चों को उचित प्रोत्साहन देना है जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चे, जो रोल मॉडल है और जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, संरक्षण, कला, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है। पुरस्कार हेतु पात्र आवेदक जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है। कोई भी बच्चा, जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष (31 जुलाई 2025 को)से अधिक नहीं है। घटना/उपलब्धि आवेदन/ नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए।

### 1 जून से 26 जून तक अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जून 2025 तक ''अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस'' के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन। विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशा मुक्ति पर केन्द्रित चित्रकला, नशा मुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों भाषण, गीत, नृत्य, नाट्य, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन जिले में किए जाएगें।

### भूमि आबंटन के लिए 17 जून तक दावा आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** न्यायालय नजूल अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आम जनता को सूचित किया गया है कि आवेदक जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना दंतेवाड़ा को जिले में फायर स्टेशन निर्माण हेतु ग्राम दंतेवाड़ा पहन 03 तहसील दंतेवाड़ा स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 154/1 रकबा 3.3240 हे में से रकबा 0.400 हे भूमि आवंटित किये जाने संबंधी प्रकरण उक्त न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

# मोर गांव-मोर पानी महाअभियानः क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण में जल संचयन और जल संवर्धन की जानकारी दी

- तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, पौधारोपण, नरवा कार्य, सोख्ता गड्ढा की दी गई जानकारी
- रैली निकालकर लोगों को किया गया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 5 जून।** मोर गांव-मोर पानी महाअभियान' के अंतर्गत 2 से 5 जून तक क्लस्टरवार प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कोतरा, कांशीचुआं, लोईंग, कोलाईबहाल ग्राम पंचायत का चयन किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में क्लस्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के बीडीसी, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, विहान कैडर की महिला समूहों की दीदी प्रतिभागी शामिल हैं।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल सवर्धन करना है। जल संरक्षण एवं जल सवंर्धन उद्देश्य की प्राप्ति हेतु कराये जाने वाले कार्य जैसे नया तालाब निर्माण/तालाब गहरीकरण/वृक्षारोपण/नरवा कार्य/सोख्ता गड्ढा की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण भूमि क्षरण, जलस्तर में लगातार गिरावट से बचाव हेतु विभिन्न पहलुओं एवं वाटर शेड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालों, जलाशयों, तालाबों में वर्षा के जल को संचित कर भू-जल स्तर को किस तरीके से बढ़ाया जा सकता है के बारे में बताया गया एवं जल प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण स्थल पर जल शपथ ली गई। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

# अबूझमाड़ की बेटी खुशबू नाग ने जीता कांस्य पदक



**नारायणपुर, 5 जून।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके अबूझमाड़ की बेटी खुशबू नाग ने बॉडी बिल्डर के रूप में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। दिल्ली में आयोजित शेरू क्लासिक इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर खुशबू ने अबूझमाड़ सहित छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। खुशबू नारायणपुर के सिटी नाइट जिम में फिटनेस ट्रेनर के तौर पर काम कर रही हैं। वह न सिर्फ खुद को तैयार कर रही हैं, बल्कि आदिवासी क्षेत्र की कई युवतियों को भी फिटनेस और आत्मबल की ट्रेनिंग दे रही हैं। खुशबू की शुरुआत बेहबेड़ा गांव से हुई थी। उनकी पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर से हुई थी और बाद में उन्होंने नारायणपुर स्थित आत्मानंद कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें फिटनेस का भी शौक था, जो समय के साथ जुनून बन गया। खुशबू बताती हैं कि उनके पिता कारपेंटर हैं और आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं रहीं। इसके बावजूद पिता ने अपनी बेटी के सपनों को पंख दिए। इतना ही नहीं खुशबू के भाई भी उसका खूब सपोर्ट करते हैं। खुशबू की इस उपलब्धि ने आदिवासी क्षेत्र की युवतियों के लिए एक नई प्रेरणा का स्त्रोत तैयार किया है। वह अबूझमाड़ की बेटियों के लिए एक रोल मॉडल बन गई हैं और उनकी कहानी ने साबित किया है कि संघर्ष और साहस के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है। खुशबू नाग की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है और आदिवासी क्षेत्र की युवतियों के लिए एक नई प्रेरणा का स्त्रोत तैयार किया है। उनकी कहानी ने साबित किया है कि संघर्ष और साहस के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

### घायल हाथी शावक की जान वन विभाग की सतर्कता से बची जान



**रायगढ़, 5 जून।** रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत नवापारा (टेण्डा) सर्किल के चारमार परिसर में 30 हाथियों का दल पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा था। इसी दौरान 3 जून की सुबह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जब एक नर हाथी शावक लगभग 5 वर्ष की उम्र, ऊंचाई लगभग 5 फीट, ग्राम चारमार के टिकरा क्षेत्र में स्थित एक खुले कुएं में गिर गया। सुबह लगभग 7.30 बजे वन भ्रमण एवं हाथी ट्रैकिंग कार्य के दौरान वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं अनुभवी हाथी ट्रैकर श्री प्रहलाद गुप्ता ने घटना को देखा और तत्काल इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक श्री कपिल दास महंत को दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और मौके पर जेसीबी मशीन, आवश्यक उपकरणों एवं रेस्क्यू टीम को रवाना किया। करीब दो घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में जेसीबी की मदद से कुएं का किनारा चौड़ा कर रास्ता बनाया गया और लगभग 9.30 बजे हाथी शावक को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद ट्रैकिंग दल की सहायता से शावक को कक्ष क्रमांक 1264 पीएफ से सुरक्षित रूप से धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथी दल के पास वापस भेजा गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में वन प्रबंधन समिति, हाथी ट्रैकिंग दल, परिक्षेत्र व उपवनमंडल अधिकारियों, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर अनंतिम सूची जारी

- 16 जून तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़, 5 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़तराई क्रमांक 2 (बसंतपुर)में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र कुकुर्दा, तेन्दूडीपा, काशीचुंआ, कोसमपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदनों पत्रों का परीक्षण कर प्राविधि/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में 16 जून 2025 सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्ति आपत्ति दावा-मान्य नहीं किया जाएगा।

### जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में लेखन स्टेशनरी सामग्री क्रय के लिए दर स्वीकृत

**बीजापुर 05 जून।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजीकृत फर्मों से लेखन, स्टेशनरी सामग्री, अन्य आकस्मिक सामग्री, प्रिन्टर्स कॉटरेज, फोटोकॉपी टोनर, नियम-अधिनियम पुस्तक ऋय करने हेतु दर निर्धारण किये जाने के लिए विक्रेताओं से निविदा 13 मई 2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आंमत्रित किया गया था। प्राप्त निविदा के आधार पर वर्ष 2025-26 के लिये साई इन्टर प्राईजेस, गायत्री इन्टर प्राईजेस, कार्तिकेय इन्टर प्राईजेस एवं एसएस ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा जिला बीजापुर के समस्त कार्यालयों में लेखन/स्टेशनरी सामग्री ऋय हेतु दर स्वीकृत किया जाता है। संबंधित फर्मों को यह निर्देशित किया जाता है कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला बीजापुर के शासकीय कार्यालयों से लेखन/स्टेशनरी सामग्री, अन्य आकस्मिक सामग्री, प्रिन्टर्स कॉटरेज, फोटोकॉपी टोनर, नियम अधिनियम पुस्तक कय आदेश प्राप्त होने पर अनुमोदित दर के अनुरूप सामग्री कार्यालयों में प्रदाय की जावेगी। यदि शासकीय कार्यालय से मांग पत्र प्राप्त होने पर सामग्री प्रदाय नही की जाती है अथवा सामग्री प्रदाय करने में अनियमितता बरती जाती है या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित फर्मों द्वारा जमा की गई अमानत की राशि शासन के पक्ष में राजसात की जावेगी एवं उक्त फर्म को 03 (तीन) वर्ष के लिये काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी इस हेतु न्यायालयीन कार्यवाही मान्य नही होगी। इसके अतिरिक्त शासन को होने वाली क्षति की पूर्ति भी दोषी फर्म से की जावेगी।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची के संबंध में 10 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 05 जून।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा दिनांक 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 04 जून 2025 को विभागीय वेबसाईट 222.द्गद्मड्डद्य14ड्ड.ष्द्द.ठ्ठद्बष् पर देखी जा सकती है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जावेगा। इसके अलावा आवेदकों को वेबसाइट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नम्बर का मिलान सुनिश्चित कर लेने को कहा गया है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दंतेवाड़ा में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकेगें। डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक समय 10 से 05 बजे निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

# 'दाई-बाबा दिवस' पर आरोग्य मंदिर में किया गया बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 5 जून।** विकासखंड तिल्दा में समस्त सामुदायिक स्वस्थ केंद्र, प्राथमिक स्वस्थ केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 4 जून को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमा पैकरा मैडम के मार्गदर्शन में 'दाई-बाबा दिवस' का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में विकासखंड तिल्दा में समस्त सामुदायिक स्वस्थ केंद्र, प्राथमिक स्वस्थ केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आज दिनांक 4 जून2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमा पैकरा मैडम के मार्गदर्शन में 'दाई-बाबा दिवस' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि सुरेश लखानी पूर्व चैंबर प्रदेश मंत्री, रिटेल कपड़ा उपाध्यक्ष स्स्ष्ठ सदस्य,सौरभ जैन महामंत्री भाजपा प्रतिनिधि एवं सभापति शिक्षा स्वस्थ,नरेंद्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, विजय ठाकुर, जी,दिलीप वर्मा वरिष्ठ पत्रकार विशेष विचार दिवस की थीम 'हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर' रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात समस्त वयोवृद्ध जनों का सौरभ जैन महामंत्री भाजपा विकासखंड तिल्दा के द्वारा आज के इस कार्यक्रम में श्रीफल एवं शाल देकर सम्मान किया गया। समस्त हितग्रहियों का अस्थि रोग चिकित्सक, दंत रोग चिकित्सक, नेत्र चिकित्सक, आयुर्वेदिक चिकित्सक, जिरियाट्रिक चिकित्सक फिजियोथैरेपिस्ट, एवं सलाहकार के द्वारा स्वस्थ सुविधा उपलब्ध करवाया गया। कार्यक्रम स्थल पर बुजुर्गों के अनुकूल व्यवस्था जिसमें बैठने की सुविधा, करते हुए स्वल्पाहार प्रदान किया गया। समस्त वयोवृद्ध के मनोरंजन के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर समस्त विजेताओं को गिफ्ट भेंट देकर सम्मानित किया गया।विशेष विचार दिवस की थीम 'हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर' रखी गई है।

## एक नजर

### दाई-बबा दिवस पर बुजुर्गो का सम्मान, स्वास्थ्य की जांच भी





**बालोद, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी . डॉ एम. के. सूर्यवंशी के मार्ग दर्शन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, तथा जिला प्रबंधक श्री अखिलेश शर्मा के सहयोग से जिलें के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आम जनता के बेहतर स्वास्थ्य तथा बुजुर्गो के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने हेतु उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ के उदेश्य के लिए दिनांक 04 जून 2025 को दाई-बबा दिवस आयोजन व्यापक रूप से किया गया। जिसका उद्देश्य समुदाय में बुजर्गो के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना, बुजर्गो के स्वास्थ्य की समग्र जॉच एवं परामर्श प्रदान कारना, पीढियों के बीच संवाद और भावनात्मक जुडाव को सशक्त करना, युवाओं को बुजुर्गो की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना है। उक्त कार्यक्रम में मितानीन, हरूऔर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार, साज सजावट बच्चो को प्रेरित करना कि वे अपने दादा-दादी/नाना-नानी को उक्त कार्यक्रम में लेंकर आयें, जिसमें बुजुर्गों हेतु प्राथमिक सेवाएं जैसे- रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य जांच, मुख जांच आदि सेंवाए प्रदान की गयी। उक्त दिवस में कुल 4122 व्योवृध्द व्यक्तियों की जांच की गयी, जिसमें 3277 की उच्च रक्तचाप जांच, 3161 मधुमेह जांच, 2828 मुख जांच, 993 आंख जांच, 851 टी.बी. जांच, 696 कुष्ट जांच, 2889 मानसिक स्वास्थ्य जांच प्रदान की गयी।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति 10 जून तक

**बलौदाबाजार, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा का परिणाम विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है।उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी या पालक परीक्षा परिणाम को विभागीय वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in पर जाकर देख सकते है तथा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार-भाटापारा में 10 जून 2025 तक दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 5 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए कृषकों से आवेदन पत्र 31 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी प्रस्तुत करेंगे। पुरस्कार की राशि 2 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। केवल ऐसे कृषक जो विगत 10 वर्षो से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो। इसमें केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे, जिनकी कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो एवं तकाबी, सिंचाई शुल्क, सहकारी बैंको का कालातीत ऋण न हो।

## भिलाई आदर्श शहरी जीवन की एक तस्वीर

# बीएसपी इस्पात के लिए ही नहीं जाना जाता है हरियाली के लिए भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 जून।** वह शहर जो इस्पात से बना है, पर उसकी पहचान केवल उत्पादन नहीं, पर्यावरण के प्रति उसकी जिम्मेदारी से भी है। एक ऐसा नगर जो केवल अपने इस्पात संयंत्र के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी सुव्यवस्थित टाउनशिप, हरियाली और साफ-सुथरे वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सड़क किनारे लगे गुलमोहर, आम व अन्य छायादार वृक्ष, साफ-सुथरे बगीचे, और सुव्यवस्थित कॉलोनियाँ– यह सब एक आदर्श शहरी जीवन की तस्वीर पेश करता है।



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की टाउनशिप हर दिन पर्यावरण के लिए एक युद्ध लड़ती है – नारे, पोस्टर और वादों से नहीं, बल्कि रोज़ सुबह रिक्शे पर निकलते उन सैकड़ों स्वच्छता कर्मियों के श्रम और संकल्प से। और यही संकल्प है – 35 टन कचरे की सफ़ाई, हर मौसम में 12 महीने, हर दिन, बिना थके, बिना रुके। संयंत्र के टीएसडी (नगर सेवाएं विभाग) के वरिष्ठ प्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता बताते हैं, हमारी टाउनशिप में रोज करीब 35 टन कचरा निकलता है, जिसे 175 साइकिल रिक्शा से करीब 200 स्वच्छता कर्मचारी 15 सेक्टरों के लगभग 33,000 घरों और दुकानों से एकत्र करते हैं। हर सुबह 5 बजे से पहले जब भिलाईवासी गहरी नींद में सो रहे होते हैं, तब ये स्वच्छता कर्मी अपने रिक्शों को तैयार करते हैं।

सबसे बड़ी चुनौती आज भी वही है – गीले और सूखे कचरे को अलग न करना। लोगों में या तो जागरूकता की कमी है, या फिर लापरवाही ज़्यादा। इससे न सिर्फ हमारे वर्कर्स की मेहनत दोगुनी बढ़ जाती है, बल्कि रीसायक्लिंग और कंपोस्टिंग की पूरी प्रक्रिया भी बाधित होती है, गुप्ता कहते हैं। जो वस्तुएँ टीएसीडी द्वारा प्रोसेस नहीं की जा सकतीं, उन्हें अधिकृत रीसायकल एजेंसियों को सौंप दिया जाता है। भिलाई को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में अभियान जारी है, पर गुप्ता मानते हैं कि यदि डिस्पोज़ल ग्लास और पॉलिथीन बैग्स का उपयोग पूरी तरह से बंद हो जाए, तो 50 प्रतिशत समस्या तुरंत हल हो सकती है। बैन तो है, पर उसका पालन ढीला है। सख्ती ज़रूरी है – लेकिन उससे भी अधिक ज़रूरी है नागरिकों की भागीदारी। भिलाई इस्पात संयंत्र की सोच स्पष्ट है – उत्पादन के साथ प्रकृति का संरक्षण। यही कारण है कि स्वच्छता को यहाँ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि दैनिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता है।

5 जून को जब पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा, तो टाउनशिप का हर कर्मी इसे समारोह नहीं, अपनी रोज़मर्रा की सेवा के एक और दिन की तरह देखेगा। क्योंकि भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए हर दिन पर्यावरण दिवस है – 35 टन जिम्मेदारी, 1 सपना – एक हरा-भरा, स्वच्छ, और जागरूक भिलाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय में पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय, रानीपरतेवा में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को व्यक्तिगत भावनाओं से जोड़ते हुए, मातृभक्ति एवं प्रकृति प्रेम को जन-जन तक पहुँचाना था। इस अवसर पर सरपंच श्री हेमलाल नेताम, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऐश्वर्य साहू, फर्मासिस्ट श्री श्यामाचरण दीवान एवं श्री धनेश ध्रुव, ग्राम पटेल श्री साधुराम निषाद एवं श्री भगतराम, ग्राम की सभी मितानिन बहनों सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधे ङ्क शिरीष, लौंग, इलायची, आंवला आदि का रोपण किया गया। इन पौधों का चयन विशेष रूप से उनके चिकित्सकीय गुणों और स्थानीय जलवायु के अनुसार किया गया। सरपंच हेमलाल नेताम ने अपने संबोधन में कहाः आज का दिन हमारे लिए केवल पौधे लगाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक हरित और स्वस्थ वातावरण सौंपने का संकल्प है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन गांव में नई चेतना लाते हैं और समाज को जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं।÷

डॉ. ऐश्वर्य साहू ने भी अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहाः प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के केंद्र में पेड़-पौधों का विशेष स्थान है।आज लगाए गए पौधे आने वाले समय में औषधीय रूप से लाभदायक सिद्ध होंगे और साथ ही पर्यावरणीय संतुलन को भी बनाए रखेंगे।



# जिला मुख्यालय में जल्द शुरू होंगे करोड़ों के विकास कार्य

## राजस्व मंत्री ने किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों के दिये जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 जून।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में करोड़ों के लागत के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यो को अमालीजामा पहनाने के लिए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को संध्या में शहर के कई स्थानों का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल सहित अन्य जरुरी निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी भी साथ थे।



नालंदा परिसर निर्माण हेतु वार्ड क्रमांक 20 स्थित 29 क्वार्टर के पास के स्थान को उपयुक्त मानते हुए स्थल निर्धारित किया गया। यहां 4 करोड़ से अधिक की लागत से राजधानी रायपुर की तर्ज पर नालंदा परिसर का निर्माण होगा। परिसर में सुसज्जित 250 सीटर लाइब्रेरी के साथ इंटरनेट सहित कई सुविधाएं मिलेंगी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश के जिलों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। लाइब्रेरी का निर्माण उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसी तरह खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पंद्रह करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले मल्टी परपज हॉल निर्माण हेतु आउट डोर स्टेडियम ग्राउंड के पीछे खाली जमीन को चिन्हांकित किया गया। वहीं स्टेडियम ग्राउंड में 9 करोड़ की लागत से बनने वाले एथलेटिक्स ट्रैक का भी जायजा लिया।राजस्व मंत्री ने यहां जमीन के एक किनारे स्थित मुक्ति धाम के लिए शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

### आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने भिलाई निगम में नियुक्त किये लिंक अधिकारी

**भिलाई, 5 जून।** निगम के अधिकारी कर्मचारी के अवकाश पर जाने के बाद निगम कार्य निरंतर रूप से चलता रहे, इसके लिये आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा लिंक ऑफिसर नियुक्त किया गया है। अब अधिकारीगण/कर्मचारीगण छुट्टी पर जाने से निगम का कार्य प्रभावित नहीं होगा। प्रमुख रूप से जो अधिकारी एक दूसरे के लिंक ऑफिसर बने हैं वह इस प्रकार है - भागीरथ वर्मा, मुख्य अभियंता, दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता, नरेन्द्र कुमार बंजारे, उपायुक्त, चन्द्रभूषण साहू, लेखाधिकारी दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. वर्मा, अधीक्षण अभियंता, अजय राजपूत, जोन आयुक्त, सुश्री येशा लहरे, जोन आयुक्त, सतीश यादव, जोन आयुक्त, अमरनाथ दुबे, जोन आयुक्त, के.के. गुप्ता कार्यपालन अभियंता/प्र. जोन आयुक्त, सतीश यादव, जोन आयुक्त, आर.एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता, सुश्री विनीत वर्मा, कार्यपालन अभियंता, वेशराम सिन्हा, कार्यपालन अभियंता, रवि सिन्हा, कार्यपालन अभियंता, संजय अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता, सुनील जैन है। सभी अधिकारी को आदेश जारी कर दी गई है।

# सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर झूठा संदेश फैलाकर कर माहौल बिगाड़ने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 जून।** 29 मई को नायब तहसीलदार पलारी द्वारा निस्तारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में बेदखली वारंट माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के रिट पिटिशन (सी) नंबर 2662/2025 में पारित आदेश के अनुसार ग्राम गातापार पटवारी हल्का नंबर 24 स्थित हे.भूमि खसरा नंबर 155/1,155/2 156 भूमि स्वामी हक की भूमि के सामने शासकीय भूमि खसरा नंबर 215/6,275/6 के भाग पर अनावेदको द्वारा किए गए (प्रधानमंत्री आवास से प्राप्त मकान को छोड़कर) शेष शासकीय स्थल से 2 जून को ग्राम गातापार में तहसीलदार, आरआई, पटवारी की उपस्थिति में उक्त अवैध कब्जा भूमि से अनावेदकों को बेदखली की कार्रवाई की गई।



सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि आरोपी मोबाइल नंबर धारक राहुल बंदे द्वारा सोशल मीडिया विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में मिथ्या पोस्ट कर, सामाजिक वैमनस्यता की भावना फैलाई जा रही है। आरोपियों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से धार्मिक आस्था के प्रतीक को अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी वाहन के माध्यम से तोडकर खंडित कर देने का झूठा एवं भ्रामक संदेश फैलाया गया, किंतु यह बात पूरी तरीके से झूठ था। बेदखली के मौके पर धार्मिक आस्था के प्रतीक को क्षतिग्रस्त किए जाने अथवा हटाए जाने की कोई घटना घटित नहीं हुई थी।

इस प्रकार के मिथ्या संदेश के प्रचारित-प्रसारित होने से विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की स्थिति उत्पन्न हुई। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध धारा 196(1), 353(1), (ख), (ग), 353(2), 61(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल बंदे एवं संत धृतलहरे को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर यह पता चला कि, बेदखली की कार्यवाही को गलत ठहराने के उद्देश्य से धार्मिक समाज की परम आस्था के प्रतीक को निजी स्वार्थ के लिए दुर्भावनापूर्वक, दुरुपयोग करने, समाज में अशांति और वैमनस्यता फैलाने के उद्देश्य से, धार्मिक भावनाओं को आहत करने की कूटरचना की कोशिश की गई। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को 3 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# जिपं अध्यक्ष साहू ने ग्राम केजेदाह में किया खरीफ तैयारी पर संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कृषि रथ कबीरधाम जिले के ग्राम केजेदाह पहुंचा। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। ईश्वरी साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की यह पहल किसानों को खरीफ 2025 की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मददगार सिद्ध हो रही है। उन्होंने उपस्थित कृषकों से खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक से खेती करने, वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों से समय-समय पर मार्गदर्शन लेने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई फसलों के अनुरूप संतुलित उर्वरकों के उपयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 17 प्रतिशत नमक घोल द्वारा बीज शुद्धिकरण तथा वेस्ट डिकम्पोजर के प्रभावी उपयोग का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया, जिससे किसानों को तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला।




जिपं अध्यक्ष साहू ने बताया कि यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के प्रत्येक गांव में चलाया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं समवर्गीय विभाग के वैज्ञानिक और अधिकारी खेती के उन्नत तरीकों, फसल बीमा, आधुनिक तकनीकों, मृदा परीक्षण, बीज उपचार, जैविक खेती तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों से फीडबैक भी ले रहे हैं। उनके नवाचारों को कृषि अनुसंधान की दृष्टि से दिशा-निर्देशों में शामिल किया जा रहा है। कार्यक्रम में लालाराम साहू, मण्डल अध्यक्ष सहसपुर लोहारा, संतोष मिश्रा, अध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, तिरथ पटेल, पूर्व महामंत्री जिला किसान मोर्चा, योगेन्द्र मण्डावी, पार्षद नगर पंचायत, सुनीता साहू, सरपंच, माखनलाल साहू, सरपंच प्रतिनिधि, परसराम मेरावी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, सुशील वर्मा, डी.पी.डी., आर.सी. भवेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, अशोक बाचकर व समवर्गीय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/505/न.पा./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 04/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाश वर्मा/अखिलेश्वर प्रसाद वर्मा 2. सुनीता बघेल/शैलेश बघेल बजरंग वार्ड क्र. 18 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी से पारिवारी मृत्यु दावा एवं सहमति पत्र के आधार पर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त सहमति पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 18 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड क्र. 132/18 में नाम दर्ज हैं। भूमि भूखण्ड क्र...... प्लाट नं. 139 शीट नं..... खसरा नं..... रकबा 3000 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ /न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 04/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लक्ष्मी राजपूत पति कमलेश सिंह राजपूत सासाहोली वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी आपसी बटवारानामा के आधार पर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त सहमति पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 18 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड क्र. 132/18 में नाम दर्ज हैं। भूमि भूखण्ड क्र...... प्लाट नं. 139 शीट नं....... खसरा नं...... रकबा 3000 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ /न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 04/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामखिलावन जयसवाल पिता स्व. मुन्नू लाल जयसवाल सुभाष वार्ड क्र. 14 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी मृत्यु दावा एवं शपथ पत्र के आधार पर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहरतांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त मृत्यु दावा एवं शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 14 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड क्र. 202/39 में नाम दर्ज हैं। भूमि भूखण्ड क्र..... प्लाट नं. शीट नं..... खसरा नं...... रकबा ... वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/509/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 04/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मती हिलेश्वरी वर्मा पति श्री कृष्णा कुमार वर्मा ग्राम भुरसुदा जिला रायपुर निवासी द्वारा सासाहोली प.ह.न. 08 र.नि.म. व तहसील तिल्दा नेवरा में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का विक्रयपत्र के आधार पर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त मृत्यु दावा एवं शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 21 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। भूमि भूखण्ड क्र. ..... 125/130 प्लाट नं. शीट नं. ........ खसरा नं........ रकबा 1500 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/06/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**
ई कोर्ट नं. ......
ग्राम- परसदा
तहसील- बालोद

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गृजेश कुमार पिता श्री कामता प्रसाद अन्य 01 निवासी ग्राम सदर रोड बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 448/2 रकबा 0.05 हे. गैर कृषि-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 12/06/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 26/05/75 को जारी अनुविभागीय अधिकारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद

# भू-राजस्व संहिता की पुरानी सभी अधिसूचनाएं रद्द

**नए सिरे से अधिकारियों को सौंपे गए अधिकार**




रायपुर, 5 जून। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 24 के अंतर्गत पूर्व में जारी सभी अधिसूचनाओं को रद्द कर दिया है. यह निर्णय 01 जनवरी 2024 से प्रभावशील सभी अधिसूचनाओं को निरस्त कर उनके स्थान पर नवीन अधिकारों का पुनर्निर्धारण करने के उद्देश्य से लिया गया है.

नवीन अधिसूचना के अनुसार, संहिता की धाराओं 60, 222, 223, 224 एवं 226 के अंतर्गत अब उप खण्ड अधिकारियों को कलेक्टर के समान अधिकार प्रदान किए गए हैं, लेकिन यह अधिकार उन्हीं सीमाओं में प्रभावी होंगे जो उन्हें कलेक्टर द्वारा सौंपे गए हैं. नगरीय क्षेत्र की भूमि के संबंध में उपखण्ड अधिकारी की शक्तियों और संहिता की धारा 93 एवं 94 के अधीन कलेक्टर की शक्तियां नजूल अधिकारी के रूप में कार्यरत संयुक्त या डिप्टी कलेक्टर को होगी तथा नजूल अधिकारी के आदेशों की अपील धारा 44 के तहत कलेक्टर को होगी. संहिता की धारा 143 के अंतर्गत उपखंड अधिकारी की शक्तियां क्षेत्राधिकार में होगी. समस्त तहसीलदार को उन्हें आबंटित क्षेत्राधिकार में होगी. जारी अधिसूचना में संहिता के अधीन समस्त स्थायी नायब तहसीलदारों, जो नायब तहसीलदार के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हुए हों, 2 वर्ष की सेवा पूरी की हो एवं विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण हों, को उन्हें कलेक्टर से आबंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी. समस्त स्थायी नायब तहसीलदारों जिन्होंने सीमित भर्ती परीक्षा पदोन्नति से नियुक्ति प्राप्त की हो एवं नायब तहसीलदार के पद पर 02 वर्ष की सेवा पूरी हो, को उन्हें कलेक्टर से आबंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी. इसी तरह समस्त अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिन्हें तहसीलदार या नायब तहसीलदार के प्रभार का निर्वहन करने के लिए कलेक्टर द्वारा क्षेत्राधिकार आबंटित किए जाएं, को उन्हें कलेक्टर से आबंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत होगी. संहिता की धारा 128 (2) एवं 130 तथा अविवादित मामलों के संबंध में धारा 110, 178, 178-क एवं 178-ख के अंतर्गत तहसीलदार की शक्तियां छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम,1993 के अधीन गठित ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर होगी.

संहिता की धारा 248 के अधीन तहसीलदार की शक्तियों एवं धारा 248 एवं 172 के अंतर्गत उपखंड अधिकारी की शक्तियां, नया रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर के क्रमशः सहायक प्रबंधक (भूमि) को एवं उप-प्रबंधक (भूमि) को प्राधिकरण की भूमि में होगी.संहिता की धारा 248 के अधीन तहसीलदार की शक्तियों लोक निर्माण के उपखंड के प्रभार वाले सहायक यंत्रियों और कनिष्ठ यंत्रियों को लोक निर्माण विभाग की भूमि के संबंध में उन्हें आबंटित क्षेत्राधिकार में होगी. संहिता की धारा 146 एवं 147 के अधीन तहसीलदार की शक्तियाँ, विक्रय कर पदाधिकारियों, अपर विक्रय कर पदाधिकारियों एवं सहायक विक्रय कर पदाधिकारियों को, इनके आदेशों के संबंध में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की शक्तियों सहायक विक्रय कर आयुक्तों को तथा इनके आदेशों के संबंध में द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी की शक्तियों उपायुक्त विक्रय कर को उनके क्षेत्राधिकार में छत्तीसगढ़ जनरल टैक्स एक्ट, 1958, सेन्ट्रल सेल्स टैक्स एक्ट, 1956, छत्तीसगढ़ शुगर केन (परचेज टैक्स) एक्ट, 1961, छत्तीसगढ़ वृत्ति व्यापार आजीविका एवं सेवायोजन कर अधिनियम, 1966, छत्तीसगढ़ विक्रय राशि तथा क्रय राशि पर कर अधिनियम, 1972, छत्तीसगढ़ स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976, छत्तीसगढ़ उपकर अधिनियम, 1981, होटल तथा वासगृहों में विलास पर कर अधिनियम, 1988, के अधीन कर के बकाया की वसूली के लिए होगी.




## ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात दो जवानों को पिकअप चालक टक्कर मारकर फरार

**रायपुर, 5 जून।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर से हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेलीबांधा चौक पर बुधवार रात ड्यूटी में तैनात दो ट्रैफिक जवानों को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उस वक्त हुई जब जवान ट्रैफिक नियंत्रण में जुटे थे और वाहन को रोकने का प्रयास कर रहे थे। घटना रात करीब 9 से 9:30 बजे के बीच की है, जब ट्रैफिक सिपाही केशव क्षत्रिय और रज्जब खां तेलीबांधा थाने के सामने ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान टाटीबंध की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार महाराष्ट्र पासिंग पिकअप ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ा और तेज रफ्तार में जवानों की ओर बढ़ गई। दोनों जवानों ने जब वाहन को रोकने की कोशिश की, तो चालक ने जानबूझकर पिकअप को उनकी ओर मोड़ दिया और उन्हें रौंदते हुए महासमुंद रोड की ओर फरार हो गया। हादसे में घायल ट्रैफिक जवान रज्जब खान का हाथ और केशव क्षत्रिय का पैर टूट गया। दोनों को तत्काल मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की मदद से रामकृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं हादसे के दौरान पिकअप ने अन्य कुछ वाहनों को भी टक्कर मारी है। घटना के बाद से ही आरोपी चालक फरार है, लेकिन वाहन का नंबर ट्रेस कर लिया गया है और उसकी तलाश जारी है।












स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26